

# दैनिक माधव संदेश

पल-पल की खबर हर पल

**माधव संदेश**

ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं, छापते है

संपर्क करें

9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-182 | इटावा, मंगलवार 01 अगस्त 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### नंदिनी डेयरी का घी हुआ महंगा......अब नहीं बनेंगे इससे तिरुपति के मशहूर लड्डू

तिरुपति। तिरुपति के मशहूर लड्डू अब कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) द्वारा संचालित नंदिनी डेयरी के घी के उपयोग के बिना ही बनाने का फैसला हुआ हैं। यह बात केएमएफ के अध्यक्ष भीमा नायक ने कही है। नंदिनी दूध उत्पादों की कीमत में बढ़ोतरी के बाद तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने घी का टेंडर एक अलग कंपनी को दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार केएमएफ के अध्यक्ष नायक ने कहा कि टीटीडी ने केएमएफ द्वारा उद्धृत कीमत को मंजूरी नहीं दी है और घी के लिए दूसरी कंपनी के साथ करार कर लिया है। टीटीडी के कई बार यह कहने के बावजूद कि केएमएफ के घी के कारण लड्डूओं का स्वाद बेहतर है, यह समझौता अब खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने 1 अगस्त से दूध की कीमत में बढ़ोतरी की घोषणा की है, घी की कीमतें भी बढ़ेंगी।

### कुल्लु में बारिश को लेकर अलर्ट......5 अगस्त तक स्कूल और शिक्षण संस्थान बंद

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बारिश का दौर लगातार जारी है। बारिश से जनजीवन खासा प्रभावित हुआ हैं। मनाली में अब भी जनजीवन पटरी पर नहीं लौट सका है। कुल्लू के कई इलाकों में अब भी हेलिकॉप्टर के द्वारा सरकार राशन सामग्री लोगों तक पहुंचा रही है। हिमाचल में बारिश के कारण पैदा हालात से 323 सड़कें अब भी बंद हैं। उधर, 397 विद्युत ट्रांसफार्मर और 78 पानी सप्लाई की योजनाएं भी ठप पड़ी हुई है। प्रदेश में अभी तक मॉनसून सीजन में 189 लोगों की मौत और 218 लोग घायल, 34 लोग अभी भी लापता हैं। सोमवार को चंबा जिले में सनवाल-भंजराडू सड़क पर जुकयानी नाले में बड़ा हादसा होने से बच गया। यहां सनवाल से 45 यात्रियों को लेकर जा रही बस के टायर दलदल में फंस गए।

### बंगाल में महिला को निर्वस्त्र घुमाने का मामला, एनसीडब्ल्यू की टीम कोलकता पहुंची

नई दिल्ली। हाल ही में कोलकाता में एक महिला के साथ क्रूर हमले व छेड़छाड़ का मामला सामने आया, जिसमें कुछ लोगों ने पीड़िता को निर्वस्त्र घुमाया था। मामले की जांच करने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा अपनी टीम के साथ कोलकाता पहुंची है। एनसीडब्ल्यू टीम की योजना मालदा पहुंचकर संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर दुखद घटना के संबंध में उनके निष्कर्षों पर विचार करने की है। एनसीडब्ल्यू ने ट्वीट में कहा, एनसीडब्ल्यू की टीम अध्यक्ष रेखा के साथ कोलकाता में है, और राजनीतिक गुंडों द्वारा एक महिला के साथ क्रूरतापूर्वक मारपीट, छेड़छाड़ और निर्वस्त्र परेड कराने के भयावह मामले की जांच के लिए हावड़ा जा रही हैं।

# योगी बोले- ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो विवाद होगा

**पूछा- त्रिशूल मस्जिद के अंदर क्या कर रहा, मुस्लिम समाज आगे आकर कहे- ये ऐतिहासिक गलती**



एजेंसी ■ लखनऊ/वाराणसी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा- अगर ज्ञानवापी को हम मस्जिद कहेंगे तो विवाद होगा। भगवान ने जिसको दृष्टि दी है, वो देखे न। त्रिशूल मस्जिद के अंदर क्या कर रहा है? हमने तो नहीं रखे हैं न। ज्योर्तिलिंग हैं... देव प्रतिमाएं हैं। पूरी दीवारें चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रही हैं। ये बात योगी ने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहीं। उन्होंने कहा- मुस्लिम समाज को ऐतिहासिक गलती दुरुस्त करनी चाहिए। मुझे लगता है कि ये प्रस्ताव मुस्लिम समाज की तरफ से आना चाहिए कि साहब... ऐतिहासिक गलती हुई है। उस गलती के लिए हम चाहते हैं कि समाधान हो। ज्ञानवापी मस्जिद विवाद पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे पर रोक लगा रखी है। अब इस मामले में कोर्ट 3 अगस्त को फैसला सुनाएगा। ऑल इंडिया मजिलस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा,÷जिस मामले पर हाई कोर्ट का फैसला आना है। यूपी सीएम ने उस पर बोलकर कानून के दायरे को लांघा है।

## योगी के इंटरव्यू की 4 बड़ी बातें

▶▶ देश संविधान से चलेगा, मत और मजहब से नहीं: देखिए मैं ईश्वर का भक्त हूं, लेकिन किसी पाखंड में विश्वास नहीं करता। आपका मत, आपका मजहब, अपने तरीके से होगा, अपने घर में होगा। अपनी मस्जिद, अपने इबादतगाह तक होगा। सड़क पर प्रदर्शन करने के लिए नहीं और इसको आप जो हैं किसी भी अन्य तरीके से दूसरे पर थोप नहीं सकते। नेशन फर्स्ट (देश पहले है)। अगर देश में किसी को रहना है तो राष्ट्र को सर्वोपरि मानना है, अपने मत और मजहब को नहीं।

▶▶ I.N.D.I.A गठबंधन को इंडिया नहीं बोलना चाहिए: I.N.D.I.A गठबंधन को इंडिया नहीं बोलना चाहिए। यह तो डॉट कॉम ग्रुप है। चोला बदलने से उन्हें पिछले कर्मों से मुक्ति नहीं मिल जाएगी।

▶▶ देश को बंगाल बनाना चाहते हैं क्या- मैं पिछले सवा 6 साल से मुख्यमंत्री हूं। 2017 से उत्तर प्रदेश में कोई दंगा तो नहीं हुआ। बड़ी-बड़ी बातें करने वाले लोग देखें कि चुनाव कैसे होते हैं। पंचायत चुनाव, नगर निकाय चुनाव, विधानसभा चुनाव हुए, वेस्ट बंगाल में भी चुनाव हुए, वहां क्या हाल हुए। देखा तो है ही न। क्या वेस्ट बंगाल बनाना चाहते हैं देश को।

▶▶ विपक्ष बंगाल पर कुछ नहीं बोलता- कुछ लोग सत्ता में आकर जबरन पूरी व्यवस्था को कैद कर देना चाहते हैं। जो हमें वेस्ट बंगाल में देखने को मिला। कैसे वहां विरोधी दलों के लोगों को मारा गया। ये चीजें आंखों को खोलने वाली हैं। उस पर कोई बोलता नहीं। 1990 में जो कुछ कश्मीर में हुआ, उस पर सब मौन हैं। आखिर ये दोहरा दृष्टिकोण क्यों?

# संसद के मानसून सत्र के 8वें दिन भी हंगामा, दोनों सदन स्थगित

एजेंसी ■ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र का सोमवार (31 जुलाई) को 8वां दिन था। दोनों सदनों में मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने मुद्दे पर अल्पचर्चा की मंजूरी दे दी, लेकिन सदन में हंगामा जारी रहा।

धनखड़ ने अपने ऑफिस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कुछ मंत्रियों से भी बात की, ताकि सदन में गतिरोध दूर किया जा सके। राज्यसभा में सुबह मणिपुर मुद्दा उठा तो सरकार ने कहा कि हम इस पर आज ही चर्चा को तैयार हैं। दोपहर 2 बजे इस पर चर्चा हो। राज्यसभा सांसद पीयूष गोयल ने कहा- विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, वो सच को सामने नहीं आने दे रहा। विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर अड़ गए।

2 बजे जब सदन शुरू हुआ तो सभापति ने मणिपुर पर अल्पचर्चा को मंजूरी दे दी, लेकिन हंगामा जारी रहा। इसके बाद सदन की कार्यवाही पहले 2.30 बजे और फिर 3.30 बजे तक स्थगित कर दी गई। 3.30 के बाद जब राज्यसभा शुरू हुई तो भी हंगामा जारी रहा, इसके बाद अगले दिन (1 अगस्त) 11 बजे तक सदन स्थगित हो गया।



लोकसभा में भी आज मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। 11 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि मलावी का डेलिगेशन भारत आया है। वे सदन की कार्यवाही देखने आए हुए हैं। हम उनका स्वागत करते हैं। जैसे ही बिड़ला की स्पीच खत्म हुई, विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदन में बयान देने की मांग की।

## विपक्ष ने सदन के 8 अहम दिन बर्बाद कर दिए- सरकार

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा- हम मणिपुर पर डिस्कशन चाहते हैं और यह आज दोपहर दो बजे होगा। सांसदों को मिली छूट का इस्तेमाल विपक्ष गलत तरीके से कर रहा है। सरकार तो चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष ने हंगामा करके सदन के 8 महत्वपूर्ण दिन बर्बाद कर दिए। सदन से बाहर आकर बीजेपी नेता और राज्यसभा सांसद पीयूष गोयल ने कहा कि आज फिर विपक्ष ने चर्चा नहीं होने दी। आखिर कुछ तो वजह होगी कि वो चर्चा से भाग रहे हैं। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्षी सांसदों के मणिपुर दौरे को लेकर कहा- ये लोग मणिपुर होकर आए हैं, जहां उन्होंने लोगों से बातचीत की। अब हम सुनना चाहते हैं कि उन्होंने मणिपुर में लोगों से क्या बातचीत की और उन्हें क्या बताया गया। इसकी जानकारी उन्हें संसद में देनी चाहिए। सीतारमण ने कहा कि उन्हें ऐसा करने से कौन रोक रहा है? जब भी चर्चा की बात आती है तो विपक्ष हंगामा कर देता है। वो खुद इस मामले पर चर्चा नहीं होने देना चाहते हैं। वो इस मामले पर सिर्फ मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं।

# मप्र में बसपा की चुनावी तैयारी, सितंबर में मायावती की सभा संभव, एक प्रत्याशी घोषित

संवाददाता ■ भोपाल



मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ने की बहुजन समाज पार्टी ने भी तैयारी तेज कर दी है। सतना की रामपुर बघेलान सीट के लिए सेवानिवृत तहसीलदार मणिराज पटेल को प्रत्याशी घोषित कर अन्य प्रत्याशियों का चयन तेज कर दिया गया है।

पार्टी सबसे पहले उत्तर प्रदेश से लगे जिलों की विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। चुनाव के पहले पार्टी की प्रदेश में बड़ी सभा करने की भी तैयारी है।

सितंबर में प्रस्तावित इस सभा को पार्टी सुप्रीमो मायावती संबोधित करेंगी। इसके लिए स्थान और दिन निर्धारित किया जा रहा है। इसके पहले पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की अगस्त में भोपाल में सभा हो सकती है। प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल ने बताया कि टिकट के लिए बड़ी संख्या में दावेदारों के आवेदन आ रहे हैं।

नाम निर्धारित करने का काम जल्द शुरू होगा। अगस्त में पार्टी पदाधिकारी राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिलेंगे और आदिवासियों पर बढ़ रहे अत्याचार और अन्य मामलों पर ज्ञापन देंगे। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए भी काम चल रहा है।

# जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में फायरिंग, 4 की मौत

**पालघर के पास आरपीएफ जवान ने एएसआई को गोली मारी**

संवाददाता ■ मुंबई

जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस (12956) में सोमवार (31 जुलाई) सुबह रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के एक कॉन्स्टेबल ने अपनी ऑटोमैटिक राइफल से साथी असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर को गोली मार दी। इसके बाद वह दूसरे डिब्बे में गया और 3 पैसेंजर्स को भी शूट कर दिया। घटना के वक्त ट्रेन गुजरात से महाराष्ट्र जा रही थी। फायरिंग पालघर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के कोच बी-5 में हुई। जवान को उसकी राइफल के साथ अरेस्ट कर लिया गया है।



### आरपीएफ ने क्या कहा?

आरपीएफ कमिश्नर रवींद्र शिशवे ने कहा कि चार शव अलग-अलग कोच से मिले। दो बॉडी बी 5, एक पैंट्री कार और एक बी 1 कोच से मिलीं। इस पर अभी जांच के बाद ही नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। उससे पहले कुछ कहना ठीक नहीं।

### आरोपी गुस्सैल और मानसिक रूप से अस्थिर

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी कॉन्स्टेबल गुस्सैल और मानसिक रूप से अस्थिर है। कॉन्सटेबल ने मुस्लिमों को लेकर कोई कमेंट किया था, इसका एएसआई ने विरोध किया। इसी बात पर आरोपी ने उसे गोली मार दी। इसके बाद तीन यात्रियों की भी हत्या कर दी। वीडियो में सुनाई दे रहा है कि आरोपी कॉन्स्टेबल मुस्लिमों और पाकिस्तान को लेकर कई अपशब्द कह रहा है।

### 6 महीने बाद रिटायर होने वाले थे मारे गए एएसआई

आरोपी शख्स उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले का रहने वाला है। वहीं, मारे गए एएसआई राजस्थान के सवाई माधोपुर के हैं। वे 6 महीने बाद रिटायर होने वाले थे। उनके परिजन के लिए 25 लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की गई है। पश्चिमी रेलवे के प्रवक्ता सुमित ठाकुर ने बताया कि परिजन को डेथ-कम-रिटायरमेंट ग्रेच्युटी और ग्रुप इंश्योरेंस की रकम भी दी जाएगी।

# लालू परिवार की 6 करोड़ की संपत्ति अटैच, ईडी की कार्रवाई

**बिहार-गाजियाबाद में है ये प्रॉपर्टी**

एजेंसी ■ पटना



प्रवर्तन निदेशालय ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की 6 करोड़ 2 लाख रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। इसमें गाजियाबाद और बिहार की सभी संपत्ति शामिल हैं। ईडी ने लैंड फॉर जॉब्स केस में ये कार्रवाई की है। इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी और बेटियां मीसा, हेमा से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी।लैंड फॉर जॉब केस की नई चार्जशीट में लालू और राबड़ी के साथ तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया गया है। इस केस में तेजस्वी समेत कुल 17 लोग आरोपी हैं। इनमें कई अन्य नए बिचौलियों के नामों को भी शामिल किया गया है। ईडी की जांच से पता चला है कि मेसर्स एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड तेजस्वी यादव और उनकी बहन चंदा यादव के स्वामित्व वाली एक शेल कंपनी है।

## पन्ना की हीरा खदान में मिला 40 लाख का 08.01 कैरेट का हीरा

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की रत्नगर्भा धरती ने सोमवार को नोएडा निवासी मीणा सिंह पति राणा सिंह को 8.01 केरेट का जेम क्वालिटी का हीरा मिला है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके पहले भी इस दंपत्ति को 11 हीरे मिल चुके हैं। बताया जाता है कि नोएडा में बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई का काम छोड़ पन्ना में आकर हीरा खदान में अपनी किस्मत आजमा रहे है।राणा प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश के नोएडा के रहने वाले हैं। वे वहां पर बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करते थे। पन्ना की हीरा खदानों के बारे में उन्हें उनके यहां काम करने वाले पन्ना जिले के मनोज दास और सतना जिले के सत्यम द्वारा बताया गया था।

**हरियाणा में ब्रजमंडल यात्रा पर पथराव**

# भीड़ से चली गोली में होमगार्ड की मौत, थाने में आगजनी, इंटरनेट बंद, धारा 144 लागू

एजेंसी ■ नूंह



हरियाणा के नूंह में सोमवार को हिंदू संगठनों द्वारा निकाली जा रही ब्रजमंडल यात्रा के दौरान बवाल हो गया। दो गुटों में हुए टकराव के बाद तीन दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को आग लगा दी गई। पुलिस पर भी पथराव किया गया। भीड़ की तरफ से चली गोली में होमगार्ड के एक जवान की मौत हो गई है।

हिंसा में कई लोग और पुलिसवाले घायल हो गए। मेवात के DSP सज्जन सिंह के सिर में गंभीर चोट लगी है। गुरुग्राम क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अनिल के पेट में गोली लगी है। उपद्रवियों ने नूंह के साइबर थाना पर भी हमला कर दिया। उपद्रवियों ने पथराव किया और बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। हंगामे को देख पुलिसकर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। मेवात के कस्बे नगीना और फिरोजपुर-झिरका में भी कई जगह आगजनी की गई।

इससे पहले उप्रदवियों ने स्कूल बस में भी तोड़फोड़ की थी। बस में बच्चे थे या नहीं, ये अभी साफ नहीं हुआ है। बस को उपद्रवी लूट ले गए और थाने को तोड़ने के लिए उसकी दीवार में टक्कर मार दी। नूंह जिला प्रशासन ने हालात से निपटने के लिए दूसरे जिलों से पुलिस फोर्स बुलाई है, साथ ही पूरे जिले में धारा 144 लगाते हुए दो अगस्त यानी 2 दिन के लिए इंटरनेट भी बंद कर दिया गया। जिले की सीमाएं सील कर दी गई हैं।

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्र सरकार पैरामिलिट्री फोर्स की 3 कंपनियों को नूंह में एयरड्रॉप कर रही है। वहां फंसे लोगों को निकालने के लिए अतिरिक्त फोर्स भेजी जा रही है।

## पीएम मोदी को मिलेगा आज लोकमान्य तिलक पुरस्कार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरद पवार होंगे, जो पीएम को सम्मानित करेंगे। इस दौरान पीएम दगडूशेठ गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएमओ ने बयान में कहा, पुणे मेट्रो फेज-1 के दो गलियारों के उद्घाटन के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार दोपहर 12.45 बजे मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ये खंड फुगेवाड़ी स्टेशन से सिविल कोर्ट स्टेशन और गरवारे कॉलेज स्टेशन से रूबी हॉल क्लिनिक स्टेशन तक हैं।

# आईएमए की लीडरशिप सेरेमनी में डा.एम.एम.पालीवाल सम्मानित हुए

इटावा।जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक व आईएमए उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा.एम.एम.पालीवाल को आईएमए के लिए किए गए प्रयासों व सराहनीय कार्यों के लिए आईएमए मुख्यालय,दिल्ली में आयोजित लीडरशिप सेरेमनी में आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.शरद अग्रवाल ने सम्मानित किया। आईएमए के लिए जनपद इटावा सहित उत्तर प्रदेश में किए गए समाजसेवा के सराहनीय कार्यों और जन हितकारी प्रयासों के दृष्टिगत आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.शरद अग्रवाल ने इटावा के वरिष्ठ चिकित्सक व आईएमए यूपी के अध्यक्ष डा.एम.एम.पालीवाल को सम्मानित करते हुए आशा व्यक्त की है कि आईएमए इटावा सहित उत्तर प्रदेश की टीम समाजसेवी कार्यों को करने के लिए निरन्तर प्रयास करती रहेगी। आईएमए की राष्ट्रीय लीडरशिप सेरेमनी में आईएमए इटावा के सचिव डा.डी.के.सिंह,डा.पी.सी.पांडेय,डा.वी.के.गुप्ता,डा.संजीव यादव व डा.हिमांशु यादव ने सहभागिता की।



# वाहन धीमा चलाएं और अपना कीमती जीवन बचाएं- एसएसपी

### सेंटमेरी इन्टर कालेज में सड़क सुरक्षा कार्य म आयोजित हुआ

इटावा।जिला अपराध निरोधक कमेटी द्वारा सेंटमेरी इन्टर कालेज में आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सेंटमेरी इन्टर कालेज में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कई महत्त्वपूर्ण व ज्ञानवर्धक जानकारियां देते हुए कहा कि सड़क पर यातायात के दौरान यदि नियमों का पालन करोगे तो खुद के साथ साथ दूसरों को भी बचाओगे।उन्होंने कहा कि अधिकांश मौतें बाइक एक्सीडेंट से होती हैं इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं और मोबाइल का इस्तेमाल कतई न करें क्योंकि जीवन एक बार मिलता है इसका महत्व समझें,इसी के साथ छात्र छात्राओं से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की।उन्होंने महिलाओं के स्वाभिमान,सुरक्षा और सम्मान पर बोलते हुए कहा कि जिस घर में महिलाओं का सम्मान नहीं होता है उस घर का विकास सम्भव नहीं है,और कहा कि साइबर क्राइम से बचाव के लिए ओटीपी शेयर न करें क्योंकि इंटरनेट बहुत अच्छे के साथ खराब भी है इसलिए इसका इस्तेमाल बहुत सोच समझ कर करें।इस अवसर पर छात्र छात्राओं को यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी। सेंटमेरी इन्टर कालेज में मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार वर्मा के प्रथम बार आगमन पर सचिव अतुल निगम,संगठन सचिव कमलापति वर्मा व प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ,वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन के नेतृत्व में सेंटमेरी के बच्चों ने बैंड बाजों के साथ जोरदार स्वागत किया।प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार वर्मा का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत और अभिनंदन किया।सेंटमेरी परिवार ने अपराध निरोधक कमेटी के सचिव अतुल निगम,संगठन सचिव कमलापति वर्मा,लीगल एडवाइजर संजय तिवारी एड.,जन सम्पर्क अधिकारी विकास राजपूत डा.अनुराग श्रीवास्तव,एड.उपेन्द्र कुमार,एड.लव राजपूत,एड.कुश राजपूत,जितेन्द्र कुमार,अरविन्द कुमार,अंकुश राजपूत,अभिनव राजपूत,विनय कुमार व यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह का बुके देकर स्वागत किया।कार्यक्रम का सफल संचालन सीनियर टीचर जैकब चाको ने किया।




# अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 2024 - रेस में भारतीय मूल के तीन दावेदार

वैश्विक स्तरपर भारतीय बौद्धिक व नेतृत्व क्षमता के नए -नए आयाम देखकर अधिकतम देश, वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय मंच, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की नजरें न सिर्फ भारत की ओर लगी हुई है बल्कि उसका दायरा बढ़ाकर अब पूरी दुनियामें बसे हुएभारतवंशियों मूल भारतीयों पर भी टिक गई है, क्योंकि भारतवंशियों की बौद्धिक क्षमता का लोहा तो माना हीजाता है,अब नेतृत्व क्षमता का भी लोहा मानने लगे हैं, क्योंकि जिस तरह से भारत अति तेजी से विकास का परचम वैश्विक स्तरपर लहरा रहा है उसका रुतबा साख और नेतृत्व की क्षमता दिख रही है इसकी छाया अब भारतवंशियों, मूल भारतीयों के नेतृत्व में परिणित होते दिख रहीहै जिसका सबसे सटीक उदाहरण भारतपर सैकड़ों वर्ष राज करने वाले ब्रिटेन का नेतृत्व एक भारतवंशी ही कर रहा है जिसका दायरा बढ़कर अब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 2024 की प्रारंभिक प्रक्रिया में भी दिख रहा है जिसमें अभी हमें अमेरिकी वर्तमान राष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति के बीच मुकाबला दिख रहा है परंतु मुकाबले में अब भारतवंशियों की भी एंट्री हो गई है जिसमें पहले एक फ़िर दो अब 30 जुलाई 2023 को देर रात तीसरा नाम भी जुड़ गया है जो अमेरिका को और अच्छा बनाने के लिए ट्रंप को पछाड़ना चाह रहे हैं। पहले विवेक रामास्वामी फ़िर निक्की हेली का नाम चल रहा था अब आज से हर्षवर्धन सिंह का नाम भी जुड़ गया है। इसलिए आज हम मीडिया मेंउपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय मूल की तैयारी-ब्रिटेन के बाद अब अमेरिका की बारी-राष्ट्रपति ताज पहनने की बेकरारी।

साथियों बात अगर हम भारतवंशियों द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने की अपडेट स्थिति 30 जुलाई 2023 को देर रात आई जानकारी की करें तो तीसरा नाम हर्षवर्धनसिंह आया है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की रेस में भारतीय मूल के तीन लोग शामिल हो गए हैं, तीनों ही दावेदार रिपब्लिकन पार्टी से हैं। उद्योगपति विवेक रामास्वामी और कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने पहले से ही अपनी दावेदारी की घोषणाकी थी।अबअमेरिका में भारतीय मूल के इंजीनियर हर्षवर्धन सिंह ने राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा की है। वे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुकाबला करेंगे, जो कानूनी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद 2024 के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से नामांकन की दौड़ में आगे हैं। एक न्यूज पेपर की शुक्रवार की खबर के अनुसार, उन्होंने गुरूवार को संघीय चुनाव आयोग के समक्ष आधिकारिक तौर पर अपनी उम्मीदवारी दाखिल की है,उनसे से पहले, साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर हेली (51) और करोड़पति उद्यमी रामास्वामी (37) ने इस साल की शुरुआत में शीर्ष अमेरिकी पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। 38 वर्षीय इंजीनियर हर्षवर्धन सिंह ने ट्विटर पर एक वीडियो जारी कर कहा कि वह आजीवन रिपब्लिकन और अमेरिकी हितों को तवज्जो देने वाला शख्स रहे हैं, जिन्होंने न्यू जर्सी रिपब्लिकन पार्टी के एक रूढ़िवादी विंग को बहाल करने के लिए काम किया। उन्होंने शुक्रवार को तीन मिनट के एक वीडियो में कहा, पिछले कुछ वर्षों में हुए बदलावों को पलटने और अमेरिकी मूल्यों को बहाल करने के लिए हमें मजबूत नेतृत्व की जरूरत है, इसीलिए मैंने 2024 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से नामांकन की दौड़ में उतरने का फैसला किया है। वे 2017 और 2021 में न्यूजर्सी के गवर्नर के लिए दावेदार रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर्षवर्धन सिंह 2017 और 2021 में न्यू जर्सी के गवर्नर के लिए, 2018 में प्रतिनिधि सभा की सीट के लिए और 2020 में सीनेट के लिए रिपब्लिकन प्राइमरी में मुकाबले में शामिल रहे, लेकिन रिपब्लिकन पार्टी की ओर से नामांकन पाने में असफल रहे, गवर्नर पद के लिए दावेदारी में हर्षवर्धन सिंह तीसरे स्थान पर रहे।

साथियों बात अगर हम इसके पूर्व चर्चा में आए 2 नामों की करें तो (1)भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी साल 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए खुद की उम्मीदवारी की घोषणा फरवरी में कर चुके हैं। उन्होंने एक बाहरी के रूप में रिपब्लिकन में प्रवेश किया था, लेकिन अब वह पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के बाद तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। स्वास्थ्य सेवा और तकनीकी क्षेत्र के उद्यमी विवेक रामास्वामी को रिपब्लिकन पार्टी के नौ फीसदी नेताओं का समर्थन मिला है। वहीं, ट्रंप को 47 फीसदी वोट मिले, जो डेसेंटिस के 19 फीसदी से काफी ऊपर है। रामास्वामी का जन्म अमेरिका के ओहियो के सिनसिनाटी में हुआ था। उनके माता-पिता केरल के पलक्कड़ से अमेरिका गए थे। उनके पिता का नाम गणपति रामास्वामी है, जो पेशे से इंजीनियर थे। उनकी मां गीता रामास्वामी, पेशे से एक सायकायट्रिस्ट थीं। विवेक की पत्नी अपूर्वा तिवारी ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के वेक्सनरमेडिकल सेंटर में असिस्टेंट प्रोफेसर और सर्जन हैं। 37 साल के रामास्वामी ने दवाओं को लेकर चीन पर निर्भरता समाप्त करने के वादे के साथ राष्ट्रपति पद के लिए खड़े हो रहे हैं। अगर उनकी कमाई की बात करें तो उन्होंने दूसरी तिमाही में 7.7 मिलियन डॉलर कमाए, जिसमें उनके खुद 5.4 मिलियन डॉलर शामिल थे। चुनावी अभियान शुरू होने के बाद उन्होंने अभी तक अपने 16 मिलियन डॉलर लगाए हैं।(2)भारतीय मूल की रिपब्लिकन नेता निक्की हेली दक्षिण कैरोलिना की दो बार की गवर्नर और संयुक्तराष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत रह चुकी हैं।

# कहो तो कह दूं : मोहब्बत के दुश्मन बन गए हैं ये तमाम रोग...

## लेखक - चैतन्य भट्ट

पता नहीं इन रोगों को प्यार करने वालों से क्या नफरत है, बेचारे मोहब्बत वाले ना किसी के लेने में होते हैं ना किसी के देने में । अपने अपने आशिक और महबूबा की सोच में डूबे रहते हैं लेकिन कुछ रोगों ने इन लोगों को ऐसी अड़ी पटकी है कि ये आशिक और महबूबा एक दूसरे के पास तक आने में डर रहे हैं । पहले कोरोना क्या आया डाक्टरों ने साफ मना कर दिया कि खबरदार जो किसी को गले लगाया, किसी से हाथ मिलाया, जो प्रेमी प्रेमिका किसी बाग बगीचे में एक दूसरे के गले में गलबहियां डालें अपने अपने इश्क का इजहार करते थे उन पर ऐसी बंदिश लगाई इस कोरोना ने कि एक दूसरे को गले लगाना तो दूर एक दूसरे से दो मीटर की दूरी पर बैठकर भी अपने इश्क का इजहार करना कठिन हो गया था, उस पर एक और जुलुम कि मुंह पर मास्क लगाए रहो यानी सामने वाला क्या बोल रहा है ये तक समझ में नहीं आता था उधर सरकार ने घर से निकलने पर रोक लगा दी थी एकमात्र सहारा बचा था वो था मोबाइल ।खैर किसी तरह दो साल एक दूसरे के लिए तड़पते रहे आशिक और महबूबा को उस वक्त राहत मिली जब कोरोना यहां से रुखसत हुआ, लेकिन अब एक नया रोग पैदा हो गया है कंजेक्टिवाइटिस देखते ही देखते आंखों में इंफेक्शन होता है ,आंखें सूजकर डबल हो जाती है, आंखों से लगातार पानी गिरता रहता है खूब जलन होती है, इसका भी सबसे ज्यादा असर मोहब्बत करने वालों पर हुआ दूर से ही एक दूसरे



को देख कर आंख से आंख मिलाकर वे अपने मन की इच्छा पूरी कर लेते थे लेकिन अब डॉक्टरों ने साफ-साफ चेतावनी दे दी है कि एक दूसरे से आंख मिलाना तो दूर एक दूसरे की तरफ देखना तक नहीं है, जबकि आंख मिलाना,आंखे झुकाना, आंखें चुराना, ये तमाम प्रक्रियाएं मोहब्बत में ही होती हैं इसलिए फिल्मी गीतकारों ने आंखों पर तमाम गीत भी लिखे हैं कोई दीवाना अपनी महबूबा के लिए जा रहा है तेरी आंखों के सिवा इस दुनिया में रखा क्या है तो दूसरे भाई साहब कह रहे हैं आंखों आंखों में हम तुम हो गए दीवाने लगता है गीतकारों ने कंजेक्टिवाइटिस के बारे में बहुत पहले सोच लिया था इसलिए एक नायिका का अपने नायक से बिछड़ कर गा रही थी नैना बरसे रिमझिम रिमझिम एक नायिका इसका भी आनंद उठा रही है और कह रही है अखियां चुराऊं कभी अखियां मिलाओ क्या तूने किया जादूएक बहुत पुरानी मशहूर फिल्म थी सी आई डी जिसमे नायक गाता है आंखों ही आंखों में इशारा हो गया बैठे बैठे जीने का सहारा हो गया एक और गाना बड़ा मशहूर हुआ जो शमशान घाट को छोड़कर हर जगह बजता था कजरारे कजरारे तेरे कारे कारे नैना एक नायिका का कहना था अंखियों के झरोखों से जो देखा रे सांवरे बड़ी दूर तलक नजर आए सुपर स्टार राजेश खन्ना ने भी हीरोइन के लिए ये शब्द कहे थे गुलाबी आंखें जो तेरी देखी दीवाना ये दिल हो गया और सबसे खूबसूरत गीत आंखों पर ये भी था आपकी आंखों में कुछ महके हुए से ख्वाब है आंखों पर तो पूरी पूरी फिल्में भी बन चुकी है जैसे आंखें ,आंखों आंखों में ,दो आंखें बारह हाथ, लेकिन जब से ये कंजेक्टिवाइटिस फैला है तब से सबसे मुफीद गाना ये ही बैठता है । नैन से नैन नाही मिलाओ देखत सूरत आवत लाज, सैय्यां

**ये कैसा गणित :** प्रदेश के मुख्यमंत्री मामा जी ऊर्फ शिवराज सिंह जी चौहान कह रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में हम मध्य प्रदेश में दो सौ सीटें जीतने वाले हैं वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के भावी मुख्यमंत्री बताए जाने वाले कमलनाथ जी कह रहे हैं कि हम डेढ़ सौ सीटें जीत जाएंगे ,बड़े-बड़े गणितज्ञ इन दोनों नेताओं के गणित से परेशान हैं कि आखिर इस तरह का गणित ये दोनों नेता लाए कहां से हैं और इसके पीछे कारण सिर्फ इतना ही है कि मध्य प्रदेश विधानसभा में कुल जमा दो सौ तीस सीटें हैं और मामा जी और कमलनाथ का गणित जोड़ लिया जाए तो ये सीटें तीन सौ पचास हो जाती है अब ये एक सौ बीस सीटें अतिरिक्त कौन सी हैं, कहां से आने वाली है ये किसी को मालूम नहीं मैथमेटिक्स में पीएचडी करने वाले भी माथापच्ची कर रहे हैं कि दो सौ सीटों में यदि चुनाव होता है तो एक पार्टी को दो सौ और दूसरी पार्टी को डेढ़ सौ सीटें कैसे मिल सकती हैं लेकिन ये पीएचडी धारी भले ही मैथमेटिक्स में कितने ही होशियार क्यों ना हो लेकिन मुंह चलाने में इन नेताओं से मुकाबला नहीं कर सकते । जनता, आम मतदाता भी हलाकान हैं कि कहीं ऐसा तो नहीं कि उनकी विधानसभा चार पांच विधानसभाओं में बंट गई हो और उसी आधार पर बीजेपी दो सौ और कांग्रेस डेढ़ सौ सीटें जीतने की बात कर रही हो । चुनाव आयोग भी अपने अधिकारियों से इस बात का पता लगाने के लिए कह रहा है कि जो नेता लोग कह रहे हैं कि हम इतनी इतनी सीटें जीत जाएंगे इनके बारे में पता तो लगाओ ,खुफिया विभाग भी इस बात का पता लगाने में जोर-शोर से जुट गया है कि ये अतिरिक्त एक सौ बीस सीटें अभी तक कहां छुपी पड़ी थी जिनके बारे में ना तो उन्हें पता था ना चुनाव आयोग को और ना ही आम मतदाता को। देखना ये है कि जब चुनाव का परिणाम आएगा तब किसको कितनी सीटें मिलती हैं तब उनसे कोई नहीं यह पूछेगा कि भाई साहब आप लोगों ने तो तीन सौ पचास सीटों का गणित बतलाया था अब दौ सौ तीस पर कैसे सिमट गए।

**कारों का मोटापाः** अभी तक तो लोग बाग अपने शरीर के मोटापे से चिंतित और परेशान रहते थे ,ना जाने कितने जतन करते थे कि शरीर में चढ़ी हुई चर्बी पिघल कर उन्हें एकदम स्लिम ट्रिम बना दे,हजारों लाखों रुपए खर्च किए जाते थे कि ये मोटापा किस तरह से हट जाए कोई लाइपोसेक्शन से मोटापा घटाने की कोशिश करता था तो कोई बाएर्ट्रिक सर्जरी से अपने आप को पतला और दुबला बनाने के लिए अस्पताल में भर्ती हो जाता था, लेकिन फ्रांस की राजधानी पेरिस का प्रशासन और फ्रांस की सरकार कारों के मोटापे से परेशान हैं साठ फीसदी लोगों ने बड़ी-बड़ी गाड़ियां खरीद लीं हैं जितनी जगह में दो कारें आ जाती थीं उतने में एक भी कार खड़ी नहीं हो पा रही ऐसे में पार्किंग का संकट भी खड़ा हो गया है, सरकार इस बात का प्रयास कर रही है कि लोग बाग अपने शरीर की तरह दुबली पतली छोटी गाड़ी खरीदें,लेकिन लोग कहां मानने वाले हैं ,इन बड़ी गाड़ियों के चक्कर में पार्किंग का शुल्क दोगुना कर दिया गया है । पेरिस के प्रशासन की लोगों से एक ही अपील है कि भैया लोगों जैसे अपने शरीर को स्लिम ट्रिम रखना चाहते हो वैसे ही अपनी कारों को भी स्लिम ट्रिम रखो वरना कुछ दिन में आपको अपनी मोटी ताजी कार रखने के लिए पार्किंग की जमीन भी नसीब नहीं हो पाएगी ।

**सुपर हिट ऑफ़ द वीकः** श्रीमान जी बहुत देर से काकरोच को मारने की कोशिश कर रहे थे और अंततः उन्होंने उसे अपनी गिरफ्त में ले ही लिया।

# अभिनव प्रयासों से महिला अत्याचार, दुष्कर्म और पोक्सो मामलों में आने लगी है कमी

## लेखक - गोविन्द पारीक

ढाई वर्षों में 11 दुष्कर्मियों को फांसी, 181 दुष्कर्मियों को आजीवन कारावास मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के निर्देश पर प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए अनेक अभिनव प्रयास प्रारम्भ किये गए हैं। इन विशेष प्रयासों के परिणामस्वरूप गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जून माह तक महिला अत्याचार, दुष्कर्म और पोक्सो मामलों में कमी आई है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जून माह तक महिला अत्याचारों में 1.97 प्रतिशत दुष्कर्म की घटनाओं में 4.63 प्रतिशत और पोक्सो एक्ट के दर्ज प्रकरणों में 0.14 प्रतिशत की मामूली कमी आयी है। दुष्कर्मियों को फांसी और आजीवन कारावास जैसी कठोर सजा मिलने के बावजूद हो रही दुष्कर्म की घटनाएं पूरे समाज के लिए गंभीर चिंतन का विषय है। राजस्थान में पोक्सो एक्ट के तहत गत ढाई वर्षों में 11 दुष्कर्मियों को फांसी, 181 दुष्कर्मियों को आजीवन कारावास, 345 दुष्कर्मियों को 20 वर्ष की सजा और 653 दुष्कर्मियों को अन्य कठोर सजा देने का निर्णय हो चुका है। फांसी और आजीवन कारावास जैसी गंभीर सजा के बावजूद अबोध बालिकाओं से दुष्कर्म की घटनाएं सभ्य समाज के लिए कलंक है। इन घटनाओं को रोकने के लिए सामाजिक राजनीतिक प्रशासनिक सभी स्तरों पर व्यापक प्रयासों की आवश्यकता है। प्रदेश में महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले संवेदनशील प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित अनुसंधान के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में विशेष महिला अपराध अनुसंधान इकाईयां की गई है। इन इकाइयों द्वारा सतत एवं प्रभावी नियन्त्रण के प्रयास किये जा रहे हैं। संवेदनशील एवं गम्भीर प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में लेकर हर स्तर पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। केस ऑफिसर स्कीम में न्यायालय में प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप अभियुक्तों को सजा की दर में भी आशातीत वृद्धि हुई है। अभियुक्तों को सजा की दर की दृष्टि से राजस्थान देश के अव्वल राज्यों में से एक है। पुलिस द्वारा महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के अनुसंधान को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। पोक्सो के मामलों में अनुसंधान में लगने वाला औसत समय वर्ष 2019 में 137 दिन से घटकर अब 57 दिन रह गया है। इसी प्रकार दुष्कर्म मामलो में औसत अनुसंधान समय वर्ष 2019 में 141 दिन से घटकर 54 दिन रह गया है। महिला अत्याचार प्रकरणों में औसत अनुसंधान समय वर्ष 2019 में 138 दिन से घटकर 56 दिन रह गया है। महिला अत्याचार, दुष्कर्म और पोक्सो प्रकरणों में झूठे प्रकरण दर्ज कराने की प्रवृत्ति देखने में आयी है। आपसी विवादों में बदला लेने की प्रवृत्ति के चलते झूठे मामले भी दर्ज कराए जा रहे हैं। अनुसंधान के बाद इस वर्ष जून माह तक महिला अत्याचार के कुल दर्ज मामलों में 44.41 प्रतिशत दुष्कर्म मामलों में 58.42 प्रतिशत और पोक्सो एक्ट के दर्ज प्रकरणों में 29.11 प्रतिशत प्रकरण झूंठे पाए गए। महानिदेशक पुलिस के विशेष निर्देश पर पोक्सो व दुष्कर्म के लंबित प्रकरणों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष पर्यवेक्षण किया जा रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अनुसंधान अधिकारी को निर्देशित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण करवाया जा रहा है। दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर टास्क फोर्स का गठन कर सघन पर्यवेक्षण किया जा रहा है। प्रदेश के 940 पुलिस थानों पर महिला हेल्पडेस्क का संचालन किया जा रहा है अधिकांश महिला हेल्प डेस्क पर महिला पुलिस कार्मिक पद स्थापित की गई हैं। महिला हेल्प डेस्क के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष बजट भी स्वीकृत किया गया है। प्रदेश में महिलाओं से संबंधित अपराधों के पंजीयन, शीघ्र अनुसंधान और त्वरित निस्तारण को दृष्टिगत रखते हुए कुल 44 महिला थाना संचालित किए जा रहे हैं। इन महिला थानों में प्राथमिकता से महिला थाना अधिकारियों को पदस्थापित किया जाता है। एक अन्य अभिनव पहल के तहत महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के साथ ही उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं स्थानीय पुलिस से प्रभावी संवाद स्थापित करने के लिए प्रारंभ की गई सुरक्षा सखी योजना अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। मार्च 2021 से प्रारंभ इस योजना के तहत जून 2023 तक 21 हजार 966 सुरक्षा सदस्यों का सुरक्षा सखियों का चयन किया जा चुका है। सुरक्षा सखी का दायरा बढ़ाने के लिए राजीविका एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी सुरक्षा सखी के रूप में जोड़ा गया है। पोक्सो एक्ट और दुष्कर्म के प्रकरणों में अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने एवं शीघ्र न्यायिक निर्णय के संबंध में संबंधित प्रकरणों की मॉडल केस स्टडी तैयार करवाई जा रही है, ताकि अन्य पुलिस अधिकारी भी मॉडल केस स्टडी के अनुरूप उचित कार्यवाही कर सकें। ऑपरेशन दिशा के तहत विशेष अभियान संचालित कर महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं जागरूकता के भी प्रयास किये जा रहे हैं। इस अभियान के तहत थानाधिकारियों ने अपने क्षेत्र के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पोक्सो एक्ट सहित बालिकाओं से संबंधित अन्य कानूनों की जानकारी दी गई। महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं में नारी सम्मान के महत्व को समझाने, लैंगिक समानता संबंधित विधिक जानकारी देने एवं महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग करने के लिए विशेष अभियान एक्शन अगेंस्ट वूमेन रिलेटेड क्राइम एंड अवेयरनेस फोर जस्टिस (आवाज) का संचालन किया जा रहा है।

यह जानकर खुश होगें की ध्वनि का प्रभाव प्रत्येक जीव के शरीर पर पड़ता है। वर्तमान औधोगिकी करण और तकनीकि से ध्वनि प्रदूषण अधिक मात्रा में बढ़ रहा है। इस ध्वनि प्रदूषण के परिणाम देखते हुये नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. राबर्ट कॉक ने सन् 1925-26 में एक बात कही थी एक दिन ऐसा आयेगा, जब पूरे विश्व में स्वस्थ्य का सबसे बड़ा शत्रु ध्वनि प्रदूषण होगा। यह ध्वनि प्रदुषण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मानव का मन, मस्तिष्क और शरीर बहुत संवेदन शील हैं। यह ध्वनि तरगों के प्रति भी बेहद संवेदन शील है। जैसे जब कोई संगीत सहित, गीत गाता है,या वाद्य बजाता है तो मन अपने आप उस पर केन्द्रित हो जाता है उसे सुनते ही अंग-अंग थिरकने लगता है, मन प्रसन्नता से भर जाता है, शरीर में आनंद की लहर छा जाती है। इसके विपरीत कानो को अप्रिय लगने वाली तेज ध्वनि सुनाई देती है तब मानव को शारीरिक और मानसिक दोनो तरह की परेशानी होती है। जिससे व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं स्वस्थ्य खराब हो जाता है। वह बहरा और पागल भी हो सकता है। डेसी बल ध्वनि की तीब्रता नापने की इकाई है। इसका अविष्कार 'ग्राहमबेल' बैज्ञानिक ने किया था। आधुनिक वैज्ञानिकों का कहना है कि 150 डेसीबल की ध्वनि बहरा भी बना सकती है। 160 डेसीबल की ध्वनि त्वचा जला देती है। 180 डेसीबल की ध्वनि मौत की नींद सुला सकती है। 120 डेसीबल की ध्वनि ह्रदयगति बढ़ना प्रारंभ हो जाती है। जिससे ह्रदय रोग एवं उच्च रक्त चाप की बीमारी जन्म लेती है। हर मानव को 60 डेसीबल तक की ध्वनि वाले वातावरण में रहना चाहिए प्रदूषण की श्रेणी में 75 डेसीबल से अधिक की ध्वनि शोर आता है। ध्वनि प्रदुषण से आंखों की पुतली का मध्य छिद्र फैल जाता है, आमाशय और ऑतों पर घातक प्रभाव से पाचन क्रिया बिगड़ जाती है। इससे शरीर की प्रति रोधी क्षमता घट जाती है, ग्रनथियों से हार्मोन्स का श्राव अनियमित हो जाता है, स्नायु खिच जाते है, शरीर में थकान, मानसि तनाव, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, स्मरण शक्ति कमजोर हो जाती अतः हमें तेज ध्वनि से बचना चाहिए।

### आज का सुविचार

कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी।

- रवींद्रनाथ ठाकुर

मनुष्य की इच्छाओं का पेट आज तक कोई नहीं भर सका है।

- वेदव्यास

# जीवन का अभिन्न अंग बन गया है वर्ल्ड वाइड वेब

## लेखक - योगेश कुमार गोयल

इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का ऐसा खजाना है, जिसके माध्यम से किसी एक कोने में बैठे हुए ही आप दुनिया भर की सैर कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इंटरनेट के माध्यम से विश्वभर की हर प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियों को एक छोटे से बंद कमरे में रखे कम्प्यूटर या मोबाइल की स्क्रीन पर समेटकर ला देने वाला मूल मंत्र ड्ड्ड (वर्ल्ड वाइड वेब) आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। यही शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इंटरनेट की मायावी दुनिया में प्रवेश कराने वाली यह खिड़की कब और कैसे अस्तित्व में आई? वर्ष 1989 में 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स ली ने। वर्तमान में वेबपेज से जुड़ने या उसका निर्माण करने के लिए जो भी तरीके अपनाए जाते हैं, उनके पीछे बर्नर्स का ही दिमाग है। 8 जून 1955 को लंदन में जन्मे बर्नर्स ली ने 1976 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कालेज से ग्रेजुएशन किया था और उसी दौरान मात्र 21 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपने लिए एक छोटा सा कम्प्यूटर सैट बना लिया था। बर्नर्स ली के दिमाग में 1980 में अचानक ही 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' से संबंधित शुरूआती विचार आया। उस दौरान वह एक कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे थे। तब उन्होंने कम्प्यूटर में मौजूद विभिन्न फाइलों को आपस में जोड़ने के लिए 'इनक्वायर' नामक एक प्रोग्राम तैयार किया था। वह कम्प्यूटर पर मौजूद अपने दस्तावेजों और फाइलों को खोलने के लिए कुछ खास कोड नंबरों का प्रयोग किया करते थे और उनका यह तरीका कम्प्यूटर पर सफलतापूर्वक काम भी करता था किन्तु उन्होंने इससे भी आगे कुछ करने की ठानी थी। दरअसल बर्नर्स ली एक ऐसा ग्लोबल प्रोजेक्ट बनाना चाहते थे, जिसकी मदद से दुनिया के सभी कम्प्यूटरों को एक व्यापक सूचना तंत्र द्वारा जोड़ा जा सके और उन्हें अपने उद्देश्य में सफलता भी मिली। वह इंटरनेट के जरिये दुनियाभर के लोगों को सूचनाओं के एक विस्तुत नेटवर्क से जोड़ पाने में सफल हो गए। इस तरह इंटरनेट पर 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' की शुरूआत 1991 में हुई। टिम बर्नर्स-ली को एक इंटरनेट-आधारित संचार प्रणाली विकसित करने में उनकी रचनात्मकता के लिए सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 1 अगस्त को 'वर्ल्ड वाइड वेब दिवस' मनाया जाता है। 1993 में इंटरनेट पर 'टेक्सट' के साथ-साथ पिक्चर्स व ग्राफिक्स का प्रसारण भी शुरू हो गया, जिससे धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़नी शुरू हो गई और आज इंटरनेट की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या आज दुनिया भर में करोड़ों में हैं। इस बात से आज हर कोई परिचित है कि इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का खजाना है पर आपको यह खजाना खोजना भी तो आना चाहिए। वर्ल्ड वाइड वेब पर एक ही विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियों के असंख्य पृष्ठ भरे पड़े हैं, यदि आपको उनमें से अपने मतलब की जानकारी खोजने का तरीका ही मालूम नहीं हो तो आपके लिए यह सब किस काम के? मान लिया जाए कि जिस विषय पर आपको किसी जानकारी की आवश्यकता है, उससे संबंधित कुछ वेबसाइटों की आपको जानकारी भी है लेकिन यदि उन वेबसाइटों पर आपके मतलब की जानकारी न मिले, तब आप क्या करेंगे? आपकी इसी मुश्किल को आसान करता है इंटरनेट सर्च इंजन। इंटरनेट पर कुछ भी खोजते समय इंटरनेट सर्च इंजन ही आपकी मदद करता है। जिस भी विषय के बारे में आप जानकारी चाहते हैं, इंटरनेट सर्च इंजन के टूल बार में उसका नाम टाइप करने के बाद एक क्लिक करते ही यह उस विषय से संबंधित ढ़ेरों पेज आपके सामने खुल जाते हैं और इस तरह आप अपनी जरूरत आसानी से पूरी कर सकते हैं।




राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, प्रथम श्रावण मासे शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमें तिथि त्रियोदशी, चर्तुदशी, सोमवासरे, मूल नक्षत्रे, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, विवयोगे, तैतिल करणे, धनु की चंद्रमा, भद्रा 27/51 से क्रय विक्रय मुहूत तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, दार्शनिक किन्तु जिद्दी-हठी, लकड़ी का व्यापारी, ठेकेदार, ट्रक चालक, ट्रक मालिक, बस मालिक, ट्रांसपोर्टर, बाडी मेकर, मैकेनिकल इंजीनियर, ठेकेदार, धनी होगा।

**मेष राशि -** बढ़िया यात्रा, विवाद, कष्ट, मातृ कष्ट, व्यय, विरोध होगा, आंशिक हानि की संभावना।

**वृष राशि -** धन लाभ, व्यापार में प्रगति, शुभ कार्य होगा, आशानुकूल परिणाम से हर्ष होगा।

**मिथुन राशि -** पितृ कष्ट, यात्रा योग, व्यय लाभ, अशांति का वातावरण रहेगा, धैर्य रखें।

**कर्क राशि -** यात्रा शुभ होगी, भूमि लाभ, हर्ष, कार्य सिद्धी, गृहकार्य की व्यवस्था पूर्ण होगी

**सिंह राशि -** शत्रु भय, प्रवास, विरोध, उद्योग-व्यापार में लाभ, लाभ के कार्य सफल होंगे।

**कन्या राशि -** लाभ, सिर-नेत्र पीड़ा होगी, यात्रा परेशानीयुक्त होगी, धैर्य के साथ कार्य पूर्ण करें।

**तुला राशि -** सुख, सफलता, निर्माण कार्य होगा, प्रवास, राजकार्य में व्यावस्था से लाभ होगा।

**वृश्चिक राशि -** मानसिक तनाव आकस्मिक बढ़ेगा, स्वजनों से सहानुभूति अवश्य मिलेगी।

**धनु राशि -** व्यवसाय की उन्नति से आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार होगा, समय का लाभ लें।

**मकर राशि -** विलास सामग्री का संचय होगा, अधिकारी वर्ग की कृपा का लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशि -** इष्ट मित्रों से लाभ, अच्छा सहयोग मिलेगा, उत्तम लाभ के योग बनेंगे।

**मीन राशि -** गृह कलह, हीन मनोवृत्ति रहेगी, शरीर पीड़ा तथा परेशानी अवश्य ही बनेगी।

### आज का कार्टून



## दबंग की दबंगई सड़क की पुलिया तोड़कर किया अवैध कब्जा

***ग्रामीणों ने की उप जिलाधिकारी से शिकायत**



जसवंतनगर(इटावा)। दबंगों की दबंगई का जीता जागता नमूना देखना है, तो धरवार गांव के मजरा बिहारीपुरा में पंहुचिए,जहां एक सड़क की पुलिया को ही दबंग व्यक्ति ने तोड़ डाला है और उस पर अवैध कब्जा कर लिया है। गांव के प्रधान दबंग के सामने बौने पड़ गए हैं। उन्होंने कई बार पुलिया से अवैध कब्जा हटवाने की कोशिश की, मगर कोई नतीजा नहीं निकला। हालत यह है कि लोगों का सड़क से निकलना दूभर हो गया है स्कूली बच्चे भी बमुश्किल स्कूल पहुंच पाते हैं। इस अवैध कब्जा करने के मामले में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी जसवंतनगर कौशल कुमार से शिकायत की है तथा अवैध कब्जे को जल्द से जल्द हटाए जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान रामवीर एवं ग्रामीण प्रकाश चंद, विपिन कुमार, नीरज कुमार, गोलू , सतीश सिंह, अंकित हरपाल सिंह, रामशंकर, कृष्णकांत, राम नारायण, रामवीर, राजू, महेश, काली चरण, तेज प्रताप आदि लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गप्यी थी कि गांव के दबंग राजेश कुमार ने सड़क की पुलिया को तोड़ कर उस पर अवैध कब्जा कर लिया है। ग्राम प्रधान द्वारा मौके पर पहुंचकर कब्जे को हटाने एवं पुलिया का पुन:निर्माण कराने का प्रयास किया था, परंतु दबंग, प्रधान और ग्रामीणों की बात मानने को कतई तैयार नही हुआ। ग्रामीणों ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी कौशल कुमार से मिलकर इस मामले की स्वयं जांच करने का अनुरोध किया है, साथ ही मांग की है कि अवैध कब्जे को जल्द से जल्द हटवाया जाए और पुरानी जगह पर नई पुलिया का निर्माण कार्य कराया जाए।

## घरेलू विवाद में दो भाइयों के बीच चले लाठी-डंडे

जसवंतनगर(इटावा) F सैफई रोड पर स्थित पडरपुरा गांव में घरेलू बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच जबरदस्त विवाद और इस दौरान हुई मारपीट में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया ।

जसवंत नगर पुलिस ने इस मामले में दी गई तहरीर के आधार पर मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। एक भाई अमित कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके भाई राजीव कुमार से उसका घरेलू बंटवारे को लेकर रविवार को विवाद हो गया,तो बड़े भाई राजीव ने इस घटना की जानकारी अपने ससुरालीजनों को दे दी। इसके बाद ससुराली और सहयोगी सुदीश, सुखदीप, बीपी, करू, निवासीगण पृथ्वीपुरा थाना करहल घर पर आकर गाली गलौज व मारपीट करने लगे। गांव के लोगो ने रोका तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

## मोबाइल रिचार्ज न करने पर दबंगों ने दुकानदार व उसके पिता को पीटा

जसवंतनगर(इटावा) ि मोबाइल फ़ोन को रिचार्ज करने से मना करने पर क्षेत्र के नगला नरिया गांव में दवंगो ने एक दुकानदार की मरपीट कर दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मोबाइल की दुकान चलाने वाले दीपक कुमार निवासी नगला नरिया ने बताया कि सोमवार की सुबह जसवंतनगर बाजार से पाठकपुरा मोड़ पर स्थित अपनी मोबाइल की दुकान पर आ रहा था, तभी नगला विधि के सामने अंकुश ,अनुराग, अनिल निवासीगढ़ नगला नरिया ने मुझे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे, जब उसने गाली–गलौज के लिए मना किया ,तो उसके ऊपर लाठी–डंडों से हमला बोल दिया। गांव के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। इसके बाद इसकी जानकारी उसने अपने परिजनों को दी तथा उसके पिता युवराज विपक्षियों के घर शिकायत करने गए तो ,उनके साथ भी लाठी–डंडों से मारपीट की गई,जिससे उनके चोट आई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## चेकिंग के दौरान युवक गिरफ्तार

इटावा। फ्रेंड्स कालोनी थाना पुलिस ने रविवार की रात चेकिंग के दौरान सुंदरपुर बिजली घर मोड़ से रिंकू कुमार उर्फ भोला पुत्र जयपाल सिंह निवासी भडीरा थाना गोंडा जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार कर उसके पास से 2.6 किग्रा गांजा बरामद होना दर्शाया है। पुलिस के अनुसार रिंकू ने बताया कि वह तथा उसके अन्य साथी उड़ीसा से गांजा तस्करी के लिए लाए थे। उसके दो मिनी ट्रक से उस गांजे को लेकर आ रहे थे, जिन्हें 20 जुलाई को एवं ओमप्रकाश उर्फ चोटाला को 29 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था।

## बर्तन चोर को पुलिस के सुपुर्द किया

इटावा। फ्रेंड्स कालोनी थाना अंतर्गत भगवान का अड्डा सूत मिल के पीछे स्थित हनुमान मंदिर में रविवार को चोरी करते हुए निब्बुलाल पुत्र अमर सिंह व किट्टु पुत्र प्रेम उर्फ पप्पन निवासीगण कोकपुरा को पीतल के घंटे व पीतल–तांबे के बर्तन सहित रंगे हाथों श्रद्धालुओं ने पकड़कर पुलिस के सिपुर्द कर दिया। इनके बारे में पुजारी जगदीश गिरी पुत्र धनीराम निवासी नगला राठौर, जसवंतनगर ने थाना पुलिस को सूचना दी थी। उनके मुताबिक जब वह मंदिर की देखरेख और पूजा पाठ करने के लिए जा रहे थे तभी उन्होंने दोनों व्यक्तियों को मंदिर के अंदर से घंटे व पूजा के सभी बर्तन चुराते हुए देखा था। उनके शोर मचाने पर आए लोगों के सहयोग से दोनों पकड़ लिए गए।

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

इटावा। वैदपुरा थाना अंतर्गत सड़क हादसे में नगला पुल निवासी माधव पुत्र शनि कुमार की मृत्यु हो गई। दूसरी तरफ सदर कोतवाली अंतर्गत बस स्टेशन पर बस से गिरकर कृष्णा पुत्र हरीशंकर निवासी करमगंज घायल हो गए। बकेवर थाना अंतर्गत लुधियानी में कार की टक्कर लगने से साइकिल सवार पुष्पेंद्र पुत्र रामबाबू निवासी नगला खादर बकेवर घायल हो गए।

## कथा सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

**इकदिल, इटावा। प्राचीन शिव मंदिर खेड़ा महाराजपुर इकदिल में दिव्य शिव शक्ति पंच कुण्डीय महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है स कथा के चौथे दिन कथा प्रवक्ता अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ब्रह्मास्त्र विद्या शक्ति पीठाधीश्वर आचार्य रसराज जी महाराज (वृंदावन) ने ध्रुव चरित्र की कथा विस्तार से सुनाई स कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गये स आचार्य रसराज जी ने भागवत का महत्व बताया कि कथा सुनने से पापों का नाश होता है स सभी को भागवत कथा सुननी चाहिए और धर्म के मार्ग पर चलकर जीवन के महत्व को समझना चाहिए स इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित थे स 3 अगस्त दिन गुरुवार को कथा का विश्राम होगा स 4 अगस्त दिन शुक्रवार को पूर्ण आहूति, हवन एवं भंडारा होगा स कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 तक है।**

# वाहन धीमा चलाएं और अपना कीमती जीवन बचाएं- एसएसपी



इटावा। जिला अपराध निरोधक कमेटी द्वारा सेंटमेरी इन्टर कालेज में आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

सेंटमेरी इन्टर कालेज में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कई महत्त्वपूर्ण व ज्ञानवर्धक जानकारियां देते हुए कहा कि सड़क पर यातायात के दौरान यदि नियमों का पालन करोगे तो खुद के साथ साथ दूसरों को भी बचाओगे।उन्होंने कहा कि अधिकांश मौतें बाइक एक्सीडेंट से होती हैं इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं और मोबाइल का इस्तेमाल कतई न करें क्योंकि जीवन एक बार मिलता है इसका महत्व समझें,इसी के साथ छात्र छात्राओं से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की।उन्होंने महिलाओं के स्वाभिमान,सुरक्षा और सम्मान पर बोलते हुए कहा कि जिस घर में महिलाओं का सम्मान नहीं होता है उस घर का विकास सम्भव नहीं है,और कहा कि साइबर क्राइम से बचाव के लिए ओटीपी शेयर न करें क्योंकि इंटरनेट बहुत अच्छे के साथ खराब भी है इसलिए इसका इस्तेमाल बहुत सोच समझ कर करें।इस अवसर पर छात्र छात्राओं को यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी। सेंटमेरी इन्टर कालेज में मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार वर्मा के प्रथम बार आगमन पर सचिव अतुल निगम,संगठन सचिव कमलापति वर्मा व प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ,वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन के नेतृत्व में सेंटमेरी के बच्चों ने बैंड बाजों के साथ जोरदार स्वागत किया।प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार वर्मा का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत और अभिनंदन किया।सेंटमेरी परिवार ने अपराध निरोधक कमेटी के सचिव अतुल निगम,संगठन सचिव कमलापति वर्मा,लीगल एडवाइजर संजय तिवारी एड.,जन सम्पर्क अधिकारी विकास राजपूत डा.अनुराग श्रीवास्तव,एड.उपेन्द्र कुमार,एड.लव राजपूत,एड.कुश राजपूत,जितेन्द्र कुमार,अरविन्द कुमार,अंकुश राजपूत,अभिनव राजपूत, विनय कुमार व यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह का बुके देकर स्वागत किया।कार्यक्रम का सफल संचालन सीनियर टीचर जैकब चाको ने किया।अन्त में कार्यक्रम संयोजक जिला अपराध निरोधक कमेटी के सचिव अतुल निगम ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# हजारी महादेव मंदिर पर भक्तो की भारी भीड़ उमडी



ऊसराहार, इटावा। सावन के चौथे सोमवार को हजारी महादेव मंदिर पर भक्तो की भारी भीड़ उमडी हजारी महादेव पर डांक कांवर चढाने वाले भक्तो की संख्या भी बढ रही है भीड के चलते चार पहिया वाहन दो किलोमीटर दूर रोक दिए गए।

सावन के चौथे सोमवार पर बाबा हजारी महादेव पर जलाभिषेक करने के लिए भक्तो की सुबह चार बजे से कतारें लग गई भक्तो की भारी भीड़ को देखते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने मंदिर जाने वाले सभी रास्तो पर दो किलोमीटर दूर चार पहिया वाहन को रोक दिया वायक सवार भक्तो को भी आधा किलोमीटर पहले बनी पार्किग मे रोक दिया गया पिछले सोमवार को मंदिर की गलियों मे भारी भीड को देखते हुए उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार पांडेय ने मेला कमेटी के अध्यक्ष पंचम सिंह को मेला की गिलियो को चौडा करने के निर्देश दे दिए थे जिसके बाद दुकानों को पीछे कर दिया गया इसलिए इसबार मेले मे भगदड की स्थित नही हुई मेले मे पर्याप्त जगह होने से इस बार भक्तो को समस्या नही हुई मंदिर जाने वाले रास्ते पर भक्तो की अलग अलग दो कतारे लगा दी गई पुलिस कर्मी जगह जगह भक्तो की कतारों को आगे बढाते रहे महिला पुलिसकर्मी भी लगातार मेहनत कर महिलाओ की कतारों को आगे बढाती रही देर शाम तक भक्त कतारों मे दर्शन कर रहे थे इस बार सावन मे कीवंरियो के अलावा डांक कीवंरियो ने भी बाबा के दर्शन किए है थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया सभी भक्तो को सुलभता से दर्शन कराए गए है कावंर एंव डांक कावंर लेकर आने वाले भक्तो को प्रथमिकता से दर्शन कराए गए है मंहत सियाराम दास जी एंव मेला कमेटी के अध्यक्ष पंचम सिंह ने बताया इस सोमवार को भक्तो की संख्या और बढ गई है लगातार हर सोमवार को भक्तो की संख्या मे इजाफ हो रहा है।

# बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष महावीर, महामंत्री श्रीकृष्ण चुने गए



भरथना, इटावा। बार एसोसियेशन भरथना के सम्पन्न हुए निर्वाचन में महावीर सिंह यादव को अध्यक्ष, श्रीकृष्ण निराला को महामंत्री व बृजेश कुमार को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। उत्साहित अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित तीनों पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान कर एसोसियेशन को और अधिक संगठित व मजबूत बनाने का संकल्प लिया। सोमवार को स्थानीय तहसील परिसर स्थित बार एसोसियेशन भरथना के सभागार में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष केके गुप्ता, सदस्य सुभाष चन्द्र यादव, सुरेश चन्द्र यादव, राघवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रामपाल सिंह राठौर की देखरेख में सम्पन्न हुए बार एसोसियेशन के निर्वाचन में महावीर सिंह यादव को अध्यक्ष, श्रीकृष्ण निराला को महामंत्री व बृजेश कुमार को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष महावीर सिंह यादव को 33, उनके प्रतिद्वन्दी राघवेन्द्र सिंह चौहान को 22 तथा महामंत्री श्रीकृष्ण निराला को 25, उनके प्रतिद्वन्दी राजीव श्रीवास्तव को 21 तथा कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार को 36, उनके प्रतिद्वन्दी रवीन्द्र सिंह चौहान को 33 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन समापन उपरान्त नवनिर्वाचित तीनों पदाधिकारियों का अन्य अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत सम्मान करते हुए एसोसियेशन को और अधिक संगठित व मजबूत बनाने पर बल दिया। इस मौके पर रामकुमार यादव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, सुधीर यादव, कृष्णकान्त श्रीवास्तव, सुदामा लाल दोहरे, चन्द्रप्रकाश यादव, हाकिम सिंह यादव, सुबोध यादव, हरीकृष्ण श्रीवास्तव, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, रामकृष्ण श्रीवास्तव, नरेन्द्र दिवाकर, बृजेश अवस्थी, उपेन्द्र सिंह चौहान, अनिल तिवारी, सत्यप्रकाश यादव आदि सहित समस्त अधिवक्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## जन चौपाल का औचक निरीक्षण करने एसडीएम पहुचे

ऊसराहार, इटावा। जन चौपाल का औचक निरीक्षण करने एसडीएम पहुचे तो पंचायत सचिव गायब मिले मौके पर ग्रामीणों की भीड कम देख एसडीएम ने गांव मे प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए हैं। सोमवार को ताखा की रौरा ग्राम पंचायत मे जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुना जाना था चौपाल मे ग्राम प्रधान पंचायत सचिव सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहकर पीडितों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की कोशिश करते हैं सोमवार को रौरा ग्राम पंचायत मे लगी जन चौपाल का उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार पांडेय अचानक निरीक्षण करने पहुच गए तो उन्हें पंचायत सचिव नेत्रपाल ही गायब मिले जानकारी करने पर पता चला आकिस्मक समस्या के चलते वह मौके पर नही पहुच सके है जन चौपाल मे पूरी ग्राम पंचायत से मात्र एक ग्रामीण शिकायत करने पहुचा था एसडीएम ने अधिकारियो से साफ कहा ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर तहसील से लेकर जिला मुख्यालय तक पहुचते है और जब समस्या सुनने के लिए अधिकारी गांव पहुच रहे हैं तो कोई शिकायत करने वाला नही है इससे साफ जाहिर है कि जन चौपाल के लिए सप्ताह मे जो दिन निर्धारित किया गया है उस दिन के लिए पंचायत मे व्यापक प्रचार प्रसार नही किया गया है उन्होंने ग्राम प्रधान से कहा सबसे पहले पूरी पंचायत मे शिकायतों के समाधान के लिए जिस दिन जन चौपाल लगाई जानी है उसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए जिससे पीडित बिना भटके अपनी समस्या का समाधान पा सके उन्होंने कहा पीडितों की शिकायतों को सुनने के लिए सरकार गंभीर है सरकार की मंशा है पीडित को तहसील और जिले तक अपनी समस्या को लेकर भटकना न पडे छोटी मोटी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर ही किया जा सकता है इसके लिए जन चौपाल का आयोजन सभी ग्राम पंचायतो मे किया जा रहा है

## लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी पिकअप



ऊसराहार, इटावा। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर जा रही पिकप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई गाडी मे सवार चालक व उसका साथी बाल बच गए। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार को कन्नौज जनपद के तालग्राम से इटावा जा रही पिकप ऊसराहार थाना क्षेत्र के किलोमीटर 132. 500 पर अचानक अनियंत्रित हो गई और गाडी डिवाइडर से टकराते हुए नीचे जाकर पलट गई सूचना पाकर एक्स्प्रेस वे के चौकी इंचार्ज व यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुच गए गाडी मे सवार चालक शान मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद निवासी गुरसाहय गंज थाना कोतवाली जनपद कन्नौज व अब्दुल जुबेर अली पुत्र रज्जाक अली निवासी उपरोक्त दोनों बाल बच गए थानााध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया गाडी अचानक जाम हो जाने से हादसा हुआ है किसी को कोई चोट नहीं आई है मार्ग पर आवागमन संचालित कर दिया गया है।

## ठगी करने वाला आरोपित गिरफ्तार




इटावा। रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 16 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने वाले तीन आरोपितों में से एक को इकदिल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके पास से रुपये बरामद नहीं हो सके हैं। तीनों ने ठगी के रुपये आपस में बांट लिए थे। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 16 मार्च 2022 को थाना इकदिल पर सतेन्द्र यादव पुत्र मान सिंह निवासी अड्डा निहाल थाना इकदिल ने उसको रेलवे में नौकरी लगवाने को लेकर उसके साथ 16 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने के संबंध में विपिन कुमार वर्मा उर्फ कालू पुत्र रामरतन निवासी ग्राम रहचटी थाना शिकोहाबाद जिला आगरा सहित व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रविवार की रात में विपिन कुमार उर्फ कालू को उसके घर से गिरफ्तार किया। उसने बताया कि वह तथा उसके अन्य साथियों द्वारा सतेन्द्र यादव को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर उसका डाक्टरी परीक्षण कराकर ठगी की गई थी।

# चालक की झपकी से तीन बड़े वाहन भिड़े

बकेवर, इटावा। कानपुर आगरा सिक्सलेन हाईवे 19 पर गोमती पेट्रोल पंप के सामने टैंकर चालक को झपकी आ जाने से तीन ट्रक भिड़ गये। एक ट्रेलर ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज हुई कि एक डीसीएम सर्विसरोड पर फस गयी। जबकिं टैंकर व टेलरट्रक रोड के बीच के डिवाइडर पर चढ़ गए। वह तो हादसा भोर में पाँच बजे हुआ इस कारण दोपहिया वाहनों व अन्य छोटे वाहनों का आवागमन कम था। अन्यथा की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता था। बकेवर थाना क्षेत्र के कानपुर आगरा सिक्सलेन हाइवे 19 पर सोमवार सुबह गोमती पेट्रोल पंप के सामने औरैया की तरफ से आ रहे एक टैंकर के चालक को झपकी आ गयी झपकी आने से उसके टैंकर ने उसके बाई ओर भूसे से लदी खड़ी डीसीएम कैंटर में टक्कर मार दी। डीसीएम केंटर अनियंत्रित होकर सर्विसरोड की रेलिंग तोड़ती हुई सर्विसरोड पर जा फसी। डीसीएम केन्टर में टक्कर मारने के बाद टैंकर ने अपने आगे दाई ओर जा रहे एक ट्रेलर ट्रक में टक्कर मारकर जा भिड़ा। जिससे ट्रेलर ट्रक सिक्सलेन के बीच वाले डिवाइडर पर चढ़ते हुए करीब 50 मीटर तक चलता हुआ फस गया वह तो ट्रेलर ट्रक डिवाइडर के दूसरी तरफ मार्ग पर नहीं पलटा।नही तो उस समय वहां से गुजर रही एक रोडवेज बस से टकरा सकता था। टक्कर मारने वाला टैंकर भी डिवाइडर पर चढ़ कर रुक गया। ट्रेलर ट्रक का चालक मोहम्मद इसरार पुत्र मुहर अली निवासी सत्सा थाना सौरंग जनपद प्रयागराज गम्भीररूप से घायल हो गया जबकि हेल्पर अरमान निवासी उपरोक्त मामूली रूप से चुटहिल हुआ। डीसीएम कैंटर चालक अरविंद निवासी सालिमपुर थाना अटेर भिंड मध्य प्रदेश ने बताया कि झांसी से भूसा लादकर आगरा जा रहे थे। बकेवर हाईवे गोमती पेट्रोल पंप के समीप डीसीएम खड़ी करके आराम कर रहे थे। बजे पीछे से बेकाबू टैंकर ट्रक ने टक्कर मार दी। बड़ी दुघर्टना होते होते बची। सूचना मिलते ही बकेवर थाना पुलिस व एनएचएआई की मोबाइल गाड़ी मौके पर पहुँची।घायल हुए टैंकर के चालक को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## मंदिरों पर शिव भक्त ों ने पूजा अर्चना की

बकेवर, इटावा। श्रावण के चौथे सोमवार को बकेवर, लखना सहित आसपास ग्रामीणांचल क्षेत्र में शिव मंदिरों पर भक्तों ने बेल,धतूरा,फूल,पत्ती व गंगाजल चढाकर पूजा अर्चना कर व्रत रखा। वहीं कांवडें भी चढाई गयी। कस्बा बकेवर स्थित गोपाल मंदिर, परमहंस मंदिर,बनखंडेश्वर महादेव सहित अन्य मंदिरों पर शिव भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके साथ ही कस्बा लखना में बन्दर बाले वाग,मकनू मंदिर,स्टेट बैंक मंदिर, तालेश्वर महादेव, डाकघर मंदिर, पुराना नहर पुल मंदिर पर पहुंचकर वेल धतूरा,फूल पत्ती चढाकर पूजा अर्चना की साथ ही लोगों व महिलाओं ने प्रसाद चढाकर बितरण किया। इसके अलावा लवेदी क्षेत्र के यमुना नदी के किनारे वसे हमीरपुरा मंदिर पर बीहड़ की पगडंडी पहुंचकर पूजा अर्चना की गयी। इसी तरह कैलाश धाम बनखंडेश्वर महादेव परसौली पर भी पहुंचकर शिवभक्तों ने पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर पुलिस व्यवस्था सिर्फ लवेदी के हमीरपुरा मंदिर पर तो दिखी लेकिन इन मंदिरों पर कोई पुलिस कर्मी नहीं दिखा।

# विरासत दर्ज न करने पर एसडीएम ने लेखपाल को दिया नोटिस

ऊसराहार, इटावा। म्रतको की विरासत दर्ज न करने पर एसडीएम ने लेखपाल को नोटिस जारी कर घोर लापरवाही के लिए जबाब मांगा है अभियान में ताखा के गुजराती मे छह लोग म्रतक पाए गए थे इसके बाद भी लेखपाल ने विरासत दर्ज नही की एसडीएम जब गांव मे निरीक्षण करने पहुचे तो लेखपाल की लापरवाही सामने उजागर हुई। भूमधर लोगो मे जो परिवार के मुखिया म्रतक हुए हैं उनके परिवार की तत्काल विरासत दर्ज करने के लिए शासन गंभीर है इसके लिए राजस्व परिषद ने 17 मई से 30 जुलाई के बीच अभियान चलाया था अभियान मे लेखपालो को गांव गांव जाकर ग्रामीणों के बीच जाकर खतौनी को पढकर सुनाना था जिन परिवारो के मुखिया म्रतक हो गए हैं उनके घर मे जो वारिश है उनके नाम विरासत भी इसी अभियान मे दर्ज की जानी थी पूरे अभियान का अब सत्यापन चल रहा है सोमवार को उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार पांडेय ताखा के नगला गुजराती में सत्यापन करने पहुचे उन्होंने ग्रामीणों के बीच 369 भूमधर परिवारो का सत्यापन किया जिसमे छह परिवार के मुखिया म्रतक हो चुके थे जिनकी विरासत लेखपाल को चलाए गए अभियान मे दर्ज करनी थी लेकिन एसडीएम के सत्यापन मे छह परिवारो मे से किसी भी परिवार की विरासत दर्ज नही मिली जिसे उपजिलाधिकारी ने घोर लापरवाही माना ग्रामीणो ने बताया गांव की शरण देवी पत्नी पुत्तू लाल तो चार वर्ष पहले मर चुकी है उनकी भी विरासत दर्ज नही की गई है एसडीएम ने कहा चलाए गए अभियान मे सभी विरासत दर्ज हो जानी चाहिए थी लेखपाल सतेंद्र ने बताया म्रतक के परिवार से दस्तावेज न मिलने के कारण विरासत दर्ज नही हो सकी एसडीएम लेखपाल के इस जबाब से भी संतुष्ट नहीं हुए उन्होंने कहा साफ जाहिर होता है कि काम के प्रति लापरवाही बरती गई है उन्होंने लेखपाल को नोटिस जारी कर पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांगा है साथ ही तत्काल सभी म्रतक परिवारो की विरासत दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

## अग्निवीर वायु प्रवेश रजिस्ट्रेशन 17 अगस्त तक

**इटावा। अपर जिला मजिस्टेअ्ट ने बताया कि भारतीय वायुसेना की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय महिला और पुरूष भर्ती रैली का विज्ञापन जारी हो चुका है। जिसमें ऑनलाइन रजिस्टेअ्शन 27 जुलाई से 17 अगस्त तक व ऑनलाइन परीक्षा 13 अक्टूबर से होगी। उम्मीदवार वेबपोर्टल पर रजिस्टेअ्शन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त योजना हेतु उम्मीदवार का जन्म 27 जून, 2003 से 27 दिसम्बर, 2006 के मध्य होना आवश्यक है। अधिक जानकारी उम्मीदवार वेबासाइट से प्राप्त कर सकते हैं।**

## सन्दिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फाँसी मौत थाना क्षेत्र के गांव रोशनपुर की घटना

**माधव संदेश/आकाश**



फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने सन्दिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान देदी। परिजनों के देखने पर घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव रोशनपुर निवासी हरनाम सिह दोहरे 32 वर्ष पुत्र स्व सूरज प्रसाद दोहरे मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था, रविवार की रात्रि को हरनाम सिह दारू पीकर घर पर आया और अपनी माँ से दारू के लिए पैसा मांगने लगा, माँ ने पैसा देने से मना कर दिया तो उसने अंदर से कुंडी लगाकर साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या करली। परिजनों के देखने पर चीख पुकार की आवाज सुनकर बड़ा भाई जगजीवनराम व पड़ोसी आगये जिन्होंने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोल कर जांच पड़ताल करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शादी नही हुई थी। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक जीवाराम ने बताया कि एक युवक ने फाँसी लगाली थी, पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संदिग्ध परिस्तिथि में मिला वृद्ध का शव पुत्र ने हत्या की जतायी आशंका

**माधव संदेश/आकाश**



ऐरवाकटरा,औरैया (ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के ग्राम पटना ऐरवा में बीती आज सुबह रामकुमार पाण्डेय पुत्र स्व राजाराम पाण्डेय का शव घर के बरामदे में मिला सिर में चोट होने के चलते थाना पुलिस को सूचना दी गयी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मृत्यु का सही कारण पता करने शव को शव विछेदन केंद्र भेजा। मृतक रामकुमार पाण्डेय के पुत्र कान्त कुमार ने बताया कि वह बीते चार दिवस से घर पर नही था आज सुबह प्राप्त सूचना पर मैंने आकर देखा तो मेरे पिता मृत अवस्था मे घर के बरामदे में लेटे थे मृतक के तीन पुत्र शैलेन्द्र पाण्डेय , जितेंद्र पाण्डेय , कान्त कुमार पाण्डेय है जिसमे शैलेन्द्र पाण्डेय की मात्र शादी हुई। ग्रामवासियों ने नाम न छापने पर बताया कि घर मे जमीनी विवाद बना रहता था बड़े पुत्र शैलेन्द्र पाण्डेय के पुत्र अक्सर अपने बाबा मृतक रामकुमार पाण्डेय से जमीन अपने नाम पर कराने की बोलते थे जिसकी शिकायत वृद्ध थाने में करने की बात करता था। थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र ने बताया कि सूचना के आधार पर मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया गया मृत्यु की स्तिथि संदिग्ध होने के चलते मृत्यु का सही कारण पता करने को शव विच्छेदन केंद्र भेजा गया।

## धर्मनगरी में उमड़ा शिव भक्त ों का जनसैलाब पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा के बीच शिवभक्त कर रहे बाबा का अभिषेक

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश**



चित्रकूट- पुरुषोत्तम मास के सोमवार में रामघाट स्थित बाबा मत्यगयेंद्रनाथ में श्रृद्धालुओं का लगा तांता ।हर हर महादेव से गूंज उठी धर्मनगरी ।शिव जी पर जलाभिषेक करने के लिए श्रृद्धालु लाइन में लगकर अपने बारी का कर रहे इंतजार। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात ।सुबह 3 बजे से ही शिव भक्त पंहुच गए जलाभिषेक करने ।पुजारी ने बताया कि बीसों हजार श्रृद्धालु अभी तक जलाभिषेक कर चुके हैं। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर भारी पुलिस बल तैनात किए गए हैं,जिससे शिवभक्तों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## सेवानिवृत्त 01 निरीक्षक व 02 उपनिरीक्षकों को दी गयी भावभीनी विदायी

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश**



चित्रकूट - दिनाँक 31.07.2023 को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले अधिकारी/कर्मचारीगणों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत हो रहे निरीक्षक रामजीत यादव, उ0नि0 मलखान सिंह एवं उ0नि0 बलवान सिंह को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस दौरान सेवानिवृत हो रहे अधिकारी/कर्मचारीगणों, उनके परिवारीजनों एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को हल्का नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया गया । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत हो रहे अधिकारी/कर्मचारीगणों से कहा गया कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें, अपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है, मैं समस्त पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की मनोकामना करती हूं । इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी यातायात/लाइन्स शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिव नारायण, उ0नि0 एपी रामदीन,प्रधान लिपिक अनुज पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## गौशाला में मरी गाय, कूड़ा उठाने वाले टैक्टर में ले जा रहे थे नगर पंचायत कर्मचारी का विडियो वायरल

### गौवंशो को हिन्दू युवा मोर्चा संघ ने रोककर बनाया वीडियो शोशल मीडिया पर किया वायरल

**माधव संदेश/आकाश**



फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। कस्बा फफूंद में गौशाला में एक गाय व उसके बछड़े की मौत होगई, कूड़ा उठाने वाले टैक्टर पर लाद कर लेजारहे थे, तभी किसी ने हिन्दू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा को सूचना दी गौशाला पहुचे प्रदेश अध्यक्ष ने वीडियो बनाकर शोशल मीडिया पर वायरल कर दिया तथा उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है। नगर के ककोर मार्ग पर बनी गौशाला में गौवंशो के मरने का शिलशिला थम नही रहा है। गौवंश है, जिनकी देख रेख के लिए चार बाल्मीकि तैनात किये गये है। बीती रात्रि एक गाय व उसके बछड़े की मृत्यु हो गई। सोमवार की सुबह गाय व बछड़ा को कूड़ा गाड़ी (टैक्टर) में बेरहमी से लाद कर ले जारहे थे, तभी हिन्दू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा भी गौशाला पहुच गये जहां पर उन्होंने टैक्टर पर मृत पड़ी गायों को देखा तो वीडियो बनाकर शोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तथा उच्च अधिकारियों को इस की जानकारी दी। गौशाला में एक गाय और बीमार है। जिसका इलाज चल रहा है। शोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही अधिकारियो में खल बली मच गई गौशाला पहुच डॉक्टर बृज भूषण यादव ने पोस्टमार्टम करवाकर दोनों को गड़वा दिया। वही हिन्दू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा ने बताया कि यह लड़ाई जब तक जारी रहेगी जब तक हमारी गौ माता को इस तरह मारा जाएगा। प्रशासन को गौशाला में आकर देखना चाहिए।

***बोले जिम्मेदार***

इस सम्बंध में पशु चिकित्सा अधिकारी भाग्यनगर बृज भूषण यादव ने बताया कि बुखार आरहा था जिससे उनकी मौत हो गई है।

## एनसीओआरडी की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक सम्पन्न



**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव**

रायबरेली,31 जुलाई। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में हुई। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद को नशा मुक्त कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों और संदिग्ध दुकानों पर छापे मारी की जाएं और संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं जिससे कि वह नशे से दूर रहें। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया कि दवा की दुकानों पर छापेमारी की जाए और संदिग्ध दवाओं को जांच के लिए भेजा जाए और दोषियों पर कार्यवाही की जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कहा कि राजमार्गों पर बने ढाबो की जांच की जाए और नशीली वस्तु यदि मिलती है तो उस पर कार्यवाही की जाए। जिला कारागार अधीक्षक को कहा कि जो भी बंदी कारागार में नशीली दवाई बेचने या लेने के आरोप में बंद हैं या उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए और उन्हें नशीली दवाएं कहां से उपलब्ध होती थी, इस संबंध में जानकारी हासिल की जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जन जागरूकता कार्यक्रमो के माध्यम से लोगों को नशीली वस्तुओं से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाए।

## यूपी हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में औरैया ने 11 अंकों की लगायी छलांग

*पिछले माह था 53वां स्थान, इस माह मिला 42वां*

*सीएमओ के प्रयासों का हो रहा असर, मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार*

*अजीतमल, सहार व बिधूना ब्लॉक जनपद में सर्वश्रेष्ठ*

*स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग का लक्ष्य - सीएमओ*

**माधव संदेश/आकाश**



औरैया (ब्यूरो)। गर्भावस्था में एचआईवी जांच, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल, वर्तमान जन्म अनुपात, प्रसव पूर्व जांच समेत 16 संकेतकों पर अच्छा कार्य करने के लिए जुलाई माह में औरैया को प्रदेश की हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में 42वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ सुनील कुमार वर्मा ने जिले की समस्त नगरीय व ग्रामीण स्तरीय प्राथमिक - सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी-सीएचसी) व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी और सेवाओं की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि उनके औरैया जनपद में आने के बाद से अथक प्रयास किये जा रहें हैं, पिछले माह 53वें स्थान से सीधा 11 अंकों की बढ़ोतरी के साथ हमने इस माह 42वां स्थान प्राप्त किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि संकेतकों में सुधार के लिए आशा कार्यकर्ताओं औरएएनएम की अहम भूमिका है। आशा कार्यकर्ता समुदाय से लाभार्थियों को प्रेरित कर चिकित्सा इकाइयों तक लाती हैं। जनपद की रैंकिंग में सुधार अंग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं का सम्मान है ।इससे ज्ञात होता है कि जनपद के सभी राजकीय चिकित्सालयों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व उपकेन्द्रों पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ शिशिर पुरी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक व जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, नवजात स्वास्थ्य और पोषण संबंधित गतिविधियों की गुणवत्ता बरकरार रखी जाए। समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सकीय व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। यही सरकार व विभाग का लक्ष्य है। सीएमओ ने बताया कि 21 जून से 21 जुलाई 2023 के बीच लक्ष्य के सापेक्ष 100 फीसदी गर्भावस्था में एचआईवी जांच हुई। गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल में 100 फीसदी उपलब्धि हासिल हुई है। इन संकेतकों में जनपद में पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा वर्तमान जन्म अनुपात, प्रसव पूर्व जांच, आशा कार्यकर्ताओं की उपलब्धता, प्रसव केंद्र के सापेक्ष प्रसव संबंधी सेवाओं में जनपद में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा जनपद मुख्यालय (नगर क्षेत्र) और ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रों की बात करें तो जनपद स्तर पर अजीतमल ने सभी संकेतकों में पहला (97.07त्न), सहार ने दूसरा (91.69त्न), बिधूना ने तीसरा (88.02त्न) स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कमी देखी गई है, उसको जल्द ही पूरा किया जाएगा।

## न्यायिक अधिकारियों की निगरानी समिति द्वारा बालक-बालिका आश्रय गृह का किया गया औचक निरीक्षण

**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव**



रायबरेली, 31 जुलाई । मा0 जनपद न्यायाधीश श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का औचक निरीक्षण किया गया। समिति की अध्यक्षा अपर जिला जज श्रीमती रचना सिंह व सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार, सदस्य अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिनव जैन द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालक एवं बालिकाओं से बातचीत करके उनका हालचाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति ने बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं व बालकों के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसलिंग कराये।

## फिर शर्मसार है धर्मनगरीः महीनों तक लूटते रहे अस्मत, प्रिंसिपल को बचाने का है प्रयास, गरमाया है सियासी माहौल

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश**

चित्रकूट- बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में हाईस्कूल की 16 वर्षीय छात्रा ने बताया कि कॉलेज में तीन माह से प्रिंसिपल समेत तीन शिक्षक लंच के समय नए भवन में ले जाकर उससे दुष्कर्म करते थे ।चित्रकूट जिले में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन शिक्षकों और पीड़ित के ममेरे भाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मानिकपुर कस्बे के एक कॉलेज की छात्रा ने अपने ही कॉलेज के प्रिंसिपल समेत चार शिक्षकों के खिलाफ पांच माह में कॉलेज परिसर में ही कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था ।मामले में पुलिस ने पहले शिक्षक इरशाद के खिलाफ ही मामला दर्ज किया था। इसके बाद मामले की जांच एसआईटी व क्राइम ब्रांच की टीम ने की। इसमें सभी संभावित स्थलों के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल व उसके सहयोगियों से पूछताछ करने साथ ही पीड़िता के घर जाकर कई सबूतों का मिलान किया।

मामले में अभी एसआईटी और क्राइम ब्रांच टीम की जांच कर रही है। पीड़ित छात्रा से जानकारी लेने के बाद शिक्षक इरशाद, मुईन खान, आदित्य और पीड़ित छात्रा के ममेरे भाई ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी वृंदा शुक्ला ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### प्रिंसिपल को बचाने का हो रहा है प्रयास

दुष्कर्म पीड़िता ने तीन शिक्षकों और प्रधानाचार्य के खिलाफ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था, लेकिन अभी तक प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी नहीं हुई। इसको लेकर सवाल किए जा रहे हैं। राजनैतिक दलों के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के दबाव पर प्रधानाचार्य को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### छात्रा से दुष्कर्म मामले में सियासी माहौल गर्माया

छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में जिले में सियासी माहौल गर्माया हुआ है। सपा समेत कई दलों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों को जेल भेजने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था। माकपा के जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र का कहना कि किसी के दबाव में काम न किया जाए।

### आरोप है कि कुछ भाजपाई थाने भी गए थे

मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों को जेल भेजा जाए। तीन शिक्षकों की गिरफ्तारी के बाद भी मामला उठाया जा रहा है। राजीनितक दलों के नेताओं ने आरोप लगाया कि थाने भी कुछ भाजपाई गए थे। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने मांग की है कि सभी आरोपियों को जेल भेजा जाए।



### गुरु-शिष्य का रिश्ता शर्मसार करने वाला मामला

बता दें कि मानिकपुर में शिक्षक और शिष्य के बीच पवित्र रिश्ते को तार-तार करने वाला मामला सामने आया है। यहां बीते छह महीनों से इंटर कॉलेज में 10वीं की छात्रा के साथ स्कूल के कुछ शिक्षकों के द्वारा लगातार दुष्कर्म किया जा रहा था। इसके चलते छात्रा के पेट मे अक्सर दर्द की शिकायत रहती थी।

### लंच में प्रिंसिपल समेत तीन शिक्षक करते थे दुष्कर्म


पुलिस ने आरोपी शिक्षक को पकड़ लिया है। कॉलेज प्रशासन ने संविदा पर नियुक्त शिक्षक को जांच होने तक पद से हटा दिया है। बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में हाईस्कूल की 16 वर्षीय छात्रा ने बताया कि कॉलेज में तीन माह से प्रिंसिपल समेत तीन शिक्षक लंच के समय नए भवन में ले जाकर उससे दुष्कर्म करते थे।

### छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया

थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के बाद छात्रा ने माना कि आरोपी एक ही शिक्षक है। ऐसे में तहरीर के आधार पर शिक्षक शास्त्रीनगर निवासी इरशाद के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोपी शिक्षक संविदा पर गणित पढ़ाता है।

## वार्षिक अमरनाथ यात्रा में सोमवार को 1,550 यात्रियों का सबसे छोटा जत्था हुआ रवाना

श्रीनगर । बाबा बर्फानी की वार्षिक अमरनाथ यात्रा के 30वें दिन रविवार को करीब 7,000 तीर्थयात्रियों ने यात्रा की, जबकि 1,550 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था सोमवार को घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने इसकी जानकारी देकर बताया कि रविवार को यात्रा के 30वें दिन लगभग 7,000 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए, जबकि 1,550 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था सोमवार को सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ। 1,550 तीर्थयात्रियों का सोमवार का जत्था 1 जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से घाटी के लिए रवाना होने वाला सबसे छोटा जत्था है। अधिकारियों ने कहा, जत्थे में 1,165 पुरुष, 354 महिलाएं, सात बच्चे, 19 साधु और पांच साध्वियां शामिल हैं। इस साल की यात्रा के दौरान अब तक 36 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। इस साल की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई और 31 अगस्त को रक्षा बंधन के साथ श्रावण पूर्णिमा पर समाप्त होगी।



## चाणक्य फाउण्डेशन ने तीन जरूरतमंद छात्रों की जमा की फीस

फिरोजाबाद। चाणक्य फाउण्डेशन द्वारा तीन जरूरतमंद छात्रों की पूरे वर्ष की फीस जमा कराई है। चाणक्य फाउंडेशन के प्रबंधक पंडित अखिलेश शर्मा ने बताया की गौरी शंकर इंटर कॉलेज के तीन जरूरतमंद छात्रों की पूरे वर्ष की शुल्क जमा कराई गई है। हमारी टीम विद्यालयों में संपर्क कर ऐसे छात्रों का पता करती है, जो वास्तव में पढ़ना चाहते है। ऐसे छात्रों के अभिभावकों से संपर्क कर फीस भर दी जाती है और उनके नाम गोपनीय रखे जाते है। विद्यालय संचालक उमाशंकर मिश्रा ने बताया की हमारे विद्यालय में इस बात का पूर्णत: ध्यान रखा जाता है कि पैसे के अभाव में किसी विद्यार्थी का अहित न हो। इस दौरान जिलाध्यक्ष यतींद्र शर्मा बब्बू, उपाध्यक्ष गिरीश आदि रहे।

## नाली के विवाद में चले लाठी-डंडे, कई लोग घायल

फिरोजाबाद। थाना मक्खनपुर के गांव फुलरई में विगत दिन हुए नाली को लेकर विवाद में जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें गर्भवती महिला सहित कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने तहरीर आने पर अभियोग दर्ज किया है। बताते चलें कि फुलरई अवनीश कुमार पुत्र जगमोहन के परिजनों का गांव के ही अमर सिंह पुत्र दर्शन सिंह, यशवीर, होरीलाल, गुंजन, बबीता, सोमवती आदि लोगों विवाद हो गया। जिन्होंने अवनीश के परिजनों पर हमला बोल दिया। जिससे कई लोग घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुन आसपास के लोगों ने आकर मामले को शांत कराया। वहीं घटना की जानकारी इलाका पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को परीक्षण और उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों में देवकांत, शैलेश, दुर्गेश रहे।

## चीन की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल में....लगातार चौथे महीन पीएमआई में गिरावट




बीजिंग । दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चीन को आर्थिक मोर्चे पर फिर झटका लगा है। जुलाई में देश में फैक्ट्री गतिविधियों में फिर गिरावट आई है। लगातार चौथे महीने चीन में फैक्ट्री कामकाज में गिरावट आई है। चीन की अर्थव्यवस्था सुस्ती से बाहर नहीं निकल पा रही हैं, और एक्सपोर्ट में भी भारी कमी आई है। चीन सरकार ने अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए नए उपायों की घोषणा की है। वहीं अमेरिका और कई पश्चिमी देशों ने चीन पर निर्भरता कम करने के लिए उपाय करने शुरू कर दिए हैं। इन देशों की कई कंपनियां भारत सहित दूसरे देशों में ठिकाना तलाश रही हैं। इस कारण देश में उत्पादन में कमी आई है। सोमवार को जारी आधिकारिक मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग इंडेक्स (पीएमआई) 49.3 रहा। अगर यह 50 से कम रहता है, तब इसके कॉन्ट्रैक्शन माना जाता है। हालांकि जुलाई में पीएमआई जून के मुकाबले मामूली रूप से बेहतर रहा। जून में देश का पीएमआई 49.0 रहा था। हालांकि नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स (एनबीएस) के झाओ किंगदे के मुताबिक पीएमआई में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। चीनी सरकार अपनी ग्रोथ को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह हैं कि देश में उपभोक्ता खर्च में भारी कमी आई है। देश में नॉन-मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई भी जुलाई में गिरकर 51.5 रह गई जो जून में 53.2 था। यह सर्विसेज और कंस्ट्रक्शन सेक्टर्स में बिजनस सेटिंमेट बताता है। इससे साफ है कि चीन में कैपिटल मार्केट सर्विसेज और रियल एस्टेट गतिविधियों में भी कमी आई है। हाल में चीन को आर्थिक मोर्चे पर हर तरफ से निराशा ही हाथ लगी है। दूसरी तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ी जबकि आर्थिक जानकार इसके 7.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद कर रहे थे। खपत में सुस्ती, रियल एस्टेट सेक्टर में संकट और डिफ्लेशन की आशंका के कारण चीन की हालत खस्ता है। आर्थिक जानकार लैरी हू का कहना है कि चीन की स्थिति जापान की याद दिलाती है जहां कई साल तक स्टैगनेशन की स्थिति पैदा हो गई थी। चीन को लंबे समय से दुनिया का वर्कशॉप माना जाता है। देश काफी हद तक एक्सपोर्ट पर निर्भर है। लेकिन हाल में उसके एक्सपोर्ट में भारी कमी आई है। अमेरिका और यूरोप में मंदी का खतरा और महंगाई बढ़ने से दुनियाभर में चीन के सामान की डिमांड कम हो रही है। इसके साथ ही डिमांड में कमी चीन की मैन्युफैक्चरर्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। देश को इससे बाहर निकालने के लिए सरकार ने नए उपायों की घोषणा की है। सोमवार को सरकार ने खपत बढ़ाने के लिए 20 सूत्री प्लान की घोषणा की।

## नॉर्थ कोरिया के रॉकेट इस्तेमाल कर रहा यूक्रेन

**कीव/मॉस्को । यूक्रेन के सैनिक जंग में नॉर्थ कोरिया के रॉकेट्स का इस्तेमाल करते नजर आए हैं। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि ये रॉकेट उन्होंने रूसी सैनिकों से अपने कब्जे में लिए हैं। यूक्रेन के बाखमुत शहर के पास सेना नॉर्थ कोरियाई हथियारों का इस्तेमाल करती नजर आई है। अमेरिका लगातार तानाशाह किम पर रूस को समुद्र के रास्ते हथियार सप्लाई करने का आरोप लगाता रहा है। दोनों देशों ने लगातार अमेरिका के दावों को खारिज किया है। हालांकि, तानाशाह किम ने लगातार यूक्रेन पर रूस के हमलों को जायज ठहराया है। 27 जुलाई को नॉर्थ कोरिया की विक्ट्री डे परेड में रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे। तब उन्होंने नॉर्थ कोरिया की डिफेंस ऐग्जीबिशन में बैलिस्टिक मिसाइलें भी देखी थीं। पुतिन बोले- अफ्रीका और चीन के पीस प्लान पर बातचीत संभव वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि वो यूक्रेन मामले में शांति वार्ता से इनकार नहीं कर रहे हैं। सेंट पीटर्सबर्ग में अफ्रीकी लीडर्स से बातचीत के बाद पुतिन ने कहा- अफ्रीका और चीन की तरफ से पेश किए गए पीस प्लान के आधार पर शांति वार्ता को आगे बढ़ाया जा सकता है। ऐसे समय में जब यूक्रेन लगातार हम पर हमले कर रहा है, सीजफायर और मुश्किल काम है। उन्होंने बताया कि फिलहाल रूस यूक्रेन पर हमले तेज नहीं करने वाला है। मॉस्को में 2 बिल्डिंग पर 3 ड्रोन्स से हमला दूसरी तरफ, मॉस्को में एक बार फिर ड्रोन हमला हुआ है। रूस के मुताबिक, मॉस्को के फाइनेंशियल हब में 3 ड्रोन्स से अटैक हुआ, जिसमें 2 बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा है। राजधानी के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि यूक्रेन के हमले के बाद एयर ट्रैफिक रोक दिया गया है। हमले में एक व्यक्ति घायल हुआ है। दोनों बिल्डिंग्स को खाली करवा लिया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2 यूक्रेनी ड्रोन्स को रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। वहीं एक ड्रोन मॉस्को के बाहर गिरा। ड्रोन गैर-आवासीय बिल्डिंग के 5-6 फ्लोर पर गिरा, जहां बिल्डिंग के शीशे टूट गए। इस दौरान एक धमाका भी हुआ, जिसके बाद लोगों को वहां से हटाया गया। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम ने फिलहाल बिल्डिंग को सीज कर दिया है।**

# जीजा ने ही प्रॉपर्टी के लिए कराई कोचिंग संचालक धर्मवीर की हत्या

### -पुलिस ने घटना का अनावरण कर तीनों आरोपियों को भेजा जेल



फिरोजाबाद/टूंडला। आगरा के रहने वाले 24 साल के कोचिंग संचालक धर्मवीर का मर्डर प्रॉपर्टी के लिए हुआ था। उसकी हत्या उसके जीजा योगेश ने अपने दो सगे भाइयों के साथ मिलकर की थी। योगेश के बड़े भाई राजेश ने पूरी घटना को लीड किया था। धर्मवीर को मारने के बाद उसने योगेश को फोन पर इसकी जानकारी भी दी थी। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने घटना अनावरण किया है।

धर्मवीर अपने घर का अकेला वारिस था। उसने हाल ही में अपनी एक करोड़ की जमीन बेची थी। उसी संपत्ति को हड़पने के लिए जीजा योगेश ने उसकी हत्या अपने भाइयों से करवाई थी। घटना के समय धर्मवीर का जीजा योगेश पुणे में था। वह फोन पर ही सारी चीजों को ऑपरेट कर रहा था। योगेश का छोटा भाई अक्षय घटना को अंजाम देने के लिए भोपाल से आया था। बड़ा भाई राजेश आगरा में ही था। योगेश और अक्षय दोनों सेना में नौकरी करते हैं। राजेश ने पुलिस को बताया योगेश की शादी में धर्मवीर ने लगभग 50 लाख रुपए खर्च किए थे। उसके पास काफी पैसा और जमीन थी। उसकी छोटी बहन की शादी मेरे भाई अक्षय से तय हो रही थी। बड़ी बहन पहले ही हमारे घर पर है। ऐसे में हम भाइयों के मन में ख्याल आया कि अगर हम धर्मवीर को मार दें, तो सारी प्रॉपर्टी हमारी हो जाएगी। जिसके बाद हम लोगों ने पूरा प्लान तैयार किया। प्लान के तहत मैंने छोटे भाई अक्षय को भोपाल से बिना टिकट के आगरा बुला लिया। अक्षय अपनी यूनिट में बिना बताए आगरा आया था। योगेश को मैंने नहीं बुलाया, क्योंकि उसको आने में समय लगता। अक्षय 28 जुलाई की रात को आगरा स्टेशन आ गया। उसने तमंचा भोपाल में ही खरीद लिया था। अक्षय ने धर्मवीर को स्टेशन लेने के लिए बुलाया। उसके बाद दोनों फिरोजाबाद जाने वाली रोड से थार गाड़ी से घर जा रहे थे। मैं अपाचे गाड़ी से थार के पीछे-पीछे चल रहा था। धर्मवीर की गाड़ी अक्षय चला रहा था। कुछ दूर चलने के बाद अक्षय ने टॉयलेट जाने के लिए गाड़ी को नगला सिंघी क्षेत्र के ग्वारई गांव के पास रोक दिया। वह गाड़ी से उतर कर पीछे की साइड चला गया और गाड़ी के सारे लॉक खोल दिए। उसके बाद मैंने थार के बगल में अपनी गाड़ी रोकी और दरवाजे को बाहर से खोल दिया। धर्मवीर कुछ समझ पाता, इतनी देर में अक्षय ने गोली चला दी। गोली सीधे धर्मवीर के माथे के बीच में जाकर लगी। उसके बाद मैंने भी गोली चलाई, लेकिन गोली दूसरी साइड से बाहर निकल गई। धर्मवीर के सिर से बहुत खून निकल रहा था। उसकी मौत हो चुकी थी। मैंने बिना देरी के अक्षय को अपनी बाइक पर बैठाया और हम लोग स्टेशन की ओर निकल गए। स्टेशन पर मैंने पहले से ही अपनी स्प्लेंडर गाड़ी को पार्किंग में लगा रखा था। मैं वहां से स्प्लेंडर गाड़ी लेकर घर की ओर निकल गया। अक्षय अपाचे से दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ निकल गया। उसने वहां पर अपनी गाड़ी को पार्किंग में खड़ा कर दिया। उसके बाद फ्लाइट से मुंबई होते हुए भोपाल पहुंच गया। भोपाल में उसने समय से अपनी यूनिट भी ज्वाइन कर ली। ऐसा उसने इसलिए किया, जिससे उसका कोई छुट्टी का रिकॉर्ड न बने। वहीं दूसरी तरफ मैंने योगेश को फोन कर सारी जानकारी दे दी। मैंने योगेश को बताया कि बोला काम हो गया है। खबर मिलने पर तुम आ जाना। उसके बाद मेंने हत्या करने में प्रयुक्त दोनों तमंचों को भीकनपुर के जंगल में एक ट्यूबवेल के बराबर झाड़ियों मे छिपा दिया। फिर घर वापस आ गया। इस घटना की प्लानिंग हम तीनों भाइयों ने करीब 10 दिन पहले ही कर ली थी। थानाध्यक्ष कृपाल सिंह का कहना है, हमने शक के आधार पर राजेश को हिरासत में लिया था। हमें सूत्रों से जानकारी मिली थी कि इस घटना के पीछे राजेश और उसके दोनों भाई शामिल हो सकते हैं। जब हमने सख्ती से राजेश से पूछताछ की, तो उसने सारा सच बता दिया। तीनों भाइयों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## दुर्गा नगर एवं हनुमान रोड बाजार समिति का हुआ गठन



**फिरोजाबाद। दुर्गा नगर एवं हनुमान रोड बाजार समिति की एक बैठक व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष अंबेश शर्मा की अध्यक्षता में गुड्डू डिस वालों के आवास दुर्गा नगर में सम्पन्न हुई। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अंबेश शर्मा ने दुर्गा नगर एवं हनुमान रोड बाजार समिति का गठन करते गोपाल शर्मा गुड्डू डिश वाले को अध्यक्ष, अरविंद शर्मा को महामंत्री, प्रमोद गुप्ता को कोषाध्यक्ष, विशाल गुप्ता, संजीव अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकुल दिवाकर पार्षद महामंत्री, अंशु अग्रवाल मीडिया प्रभारी, शादी लाल कुशवाहा संगठन प्रभारी, सोनू अग्रवाल, दिनेश शर्मा, मनोज कुशवाह को सदस्य एवं महेश गुप्ता मामा को समिति का मुख्य संरक्षक चुना गया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष कैलाश उपाध्याय ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए बना हुआ है। जिस किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न होगा उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर व्यापार मंडल खड़ा हुआ है। कार्यक्रम का संचालन रामबाबू झा महामंत्री ने किया। इस दौरान मदन लाल वर्मा प्रांतीय मंत्री, रमाशंकर यादव दादा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आकृति सहयोगी महानगर महिला अध्यक्ष, दीक्षा अग्रवाल महिला महानगर महामंत्री, पारुल गुप्ता संगठन मंत्री, संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।**

# डेंगू से बालिका की मौत के बाद जागा प्रशासन

### -डीएम समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने डाला डेरा, पूर्व में डेंगू से हुई थीं सैकड़ों मौत



फिरोजाबाद। फिरोजाबादवासी डेंगू के कहर को कभी भुला नहीं पाएंगे। दो साल पहले फिरोजाबाद शहर में डेंगू ने ऐसा कहर ढाया था, कि सैकड़ों बच्चे और लोगों की मौत हो गई थी। घर-घर में मरीजों की चारपाई बिछी हुई थी। एक बार फिर ब्लाक नारखी क्षेत्र के गांव लोकी गढ़ी के अधिकांश घरों में लोग बुखार से पीड़ित हैं। इनमें से एक 14 वर्षीय बालिका की डेंगू के चलते मौत हो गई। बालिका की मौत के बाद डीएम समेत आला अधिकारी गांव में पहुंचे और गांव का भ्रमण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के आदेश दिए हैं, यहां तक कि गांव में चार कैंप भी लगाए गए हैं। जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर स्थित गांव लोकी गढ़ी में इन दिनों बुखार ने लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। विगत 15 दिन से ग्रामीण इस बीमारी से जूझ रहे हैं। कोई झोलाछाप डॉक्टर के यहां इलाज करा रहा है तो कोई शहर में जाकर बीमारी का इलाज करा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई घरों में चूल्हे तक नहीं जल रहे तो कई घरों में ताले लटके हुए हैं। पूछने पर बताया गया कि यह लोग अपना इलाज कराने के लिए बाहर गए हुए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक गांव के करीब 200 से अधिक बेटे, बेटियां बच्चे व अन्य महिला पुरुष बुखार समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं। रविवार को गांव की 14 वर्षीय छात्रा रेखा जो कक्षा नौ की छात्रा थी उसकी डेंगू बुखार के बाद मौत हो गई थी। सोमवार को गांव में डीएम डॉक्टर उज्जवल कुमार, डीपीआरओ नीरज सिन्हा, सीएमओ डॉक्टर राम बदन समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और गांव में साफ-सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान डॉक्टरों की चार टीमें भी गांव में लगाई गई हैं। डीएम ने बताया की व्यवस्था में हर अधिकारी, कर्मचारी लगा हुआ है। बीमारी रोकने के लिए भी लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की है कि वह अपना पूरा सहयोग दें और इस बीमारी को भगाने में प्रशासन की मदद करें।

## सऊदी अरब में होगी यूक्रेन पर बैठक, भारत स?हित 30 देश होंगे शामिल

**दुबई । यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच सऊदी अरब अगस्त की शुरुआत में एक शांति वार्ता की मेजबानी करेगा, जिसमें भारत भी शामिल हो सकता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बहरहाल सऊदी अरब और यूक्रेन ने अभी इस वार्ता की पुष्टि नहीं की है। अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि यह शिखर वार्ता लाल सागर के बंदरगाह शहर जेद्दा में होगी। उन्होंने बताया कि शिखर वार्ता में यूक्रेन के साथ ही ब्राजील, भारत, दक्षिण अफ्रीका और कई अन्य देश हिस्सा लेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के एक उच्च स्तरीय अधिकारी के भी बैठक में शामिल होने की संभावना है। अधिकारी के मुताबिक, इस आयोजन की तैयारियां यूक्रेन संभाल रहा है। उन्होंने कहा कि रूस के वार्ता में भाग लेने की संभावना नहीं है। शांति वार्ता पांच-छह अगस्त को होगी और लगभग 30 देश इसमें हिस्सा लेंगे। अभी सऊदी अरब के अधिकारियों और रियाद में यूक्रेनी दूतावास ने इस पर टिप्पणी नहीं की है। इस शिखर वार्ता की खबर ऐसे वक्त में आई है, जब अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने हाल ही में सऊदी अरब की यात्रा की थी। अधिकारियों ने कहा कि जून में हुई बातचीत के बाद यह शिखर सम्मेलन अगला कदम है। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बाद से ही दुनिया दो धड़ों में बंटी हुई है। एक धड़ा ऐसा है जो सीधे तौर पर यूक्रेन की मदद कर रहा है। अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देश यूक्रेन को हथियारों के साथ-साथ राजनीतिक मदद भी दे रहे हैं। ईरान सीरिया और बेलारूस जैसे देश तो सीधे तौर पर रूस की मदद कर रहे हैं। वहीं एक धड़ा ऐसा है जो न्यूट्रल है। ज्यादातर अरब देश न्यूट्रल ही रहे हैं। ओपेक प्लस का सदस्य होने के कारण रूस और सऊदी करीब हैं। इस युद्ध के दौरान सऊदी ने कई बार ऐसे कदम उठाए हैं, जिससे रूस को फायदा हो। अमेरिका के दबाव के बावजूद भी सऊदी ने तेल का प्रोडक्शन कम किया, जिससे क्रूड ऑयल महंगा हो गया।**

## सावन के चौथे सोमवार को शिवालयों में गूंजे बम-बम भोले के जयकारें



फिरोजाबाद। सावन के चौथे सोमवार को शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ रही। हर कोई अपने आराध्य देव भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए आतुर दिखाई दिया। शिव मंदिरों में भीड़ होने के कारण भक्तों ने लाइन में लगकर भगवान शिव का अभिषेक किया। सुहागनगरी में प्रात: से ही शिवभक्त हाथों में पूजा की थाल लेकर शिवालयों की ओर रूख करते दिखाई दिए। शिवभक्तों ने अपने आराध्य देव भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक कर फल, फूल, बेलपत्र, चावल, सिंदूर आदि चढाकर पूजा अर्चना की। शहर के प्रमुख मंदिर गोपाल आश्रम स्थित सिद्धेश्वरनाथ महादेव, गंज मौहल्ला स्थित सिद्धेश्वरनाथ महादेव, गल्ला मंडी स्थित रामेश्वरनाथ महादेव, थाना दक्षिण स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर एवं कैला देवी मंदिर स्थित शिव मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक शिवभक्तों की भीड़ रही। वहीं शहर से दस किलोमीटर दूर स्थित सांती मंदिर पर भी सुबह से लेकर शाम तक शिवभक्तों का तांता लगा रहा। वहीं शिव भक्तों द्वारा प्राचीन मंदिर शिव बजरंग वाटिका पर भगवान शिव का दुग्धाभिषेक किया गया। इस दौरान दिनेश भारद्वाज, अनिल भारद्वाज, पार्षद अजय गुप्ता, पंडित अखिलेश शर्मा, हिंदू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष रंजीत सिंह, डब्बू ठाकुर, नंदन रावत, संजीव रावत, निर्मल शर्मा, प्रांजल भारद्वाज, सूर्यकांत भारद्वाज, अनुज भारद्वाज सहित सैकड़ों शिवभक्तों ने बेलपत्र, दूध, जल, शहद, दही, भांग, धतूरा अर्पित कर भगवान शिव की आरती उतारकर आराधना की। महंत वीरेंद्र शास्त्री आरती कर प्रसाद वितरण किया।

## भीम सेवक संघ ने मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग




**फिरोजाबाद। भीम सेवक संघ ने सोमवार को गांधी पार्क में मणिपुर में हुई जातिंया हिंसा के विरोध में धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। भीम सेवक संघ ने मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने एवं सांसद संजय सिंह के निलम्बन को वापस लेने की मांग की। भीम सेवक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मणिपुर में हुई जातिंया हिंसा को रोकने एवं शांति व्यवस्था को बहाल करने में सरकार नाकाम रही है। वहीं देश की सरहदों की रक्षा करने वाले जवान की पत्नी को निर्वस्त्र घुमाने की घटना से पूरा देश शर्मसार है। विश्व पटल पर भारत के 140 करोड़ देशवासियों को सिर शर्म से झुक गया है। भीम सेवक संघ पदाधिकारियों ने कहा कि मणिपुर की घटना पर देश की संसद में चर्चा कराने एवं देश के प्रधानमंत्री को जवाब की मांग करने वाले सांसद संजय सिंह का मानसून सत्र तक निलंबित करना लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने राष्ट्रपति से मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने एवं सांसद संजय सिंह के निलम्बन को वापस लेने की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान गिरीश जोशी, जयप्रकाश कुशवाह, रामदास मानव, हकीम सिंह निमोरियां, गुलाबसिंह, निगम वाल्मीकि, मोनू सिंह, रोहित चौहान, नंदिनी सिंह, ध्रुव, आदि मौजूद रहे।**

# वर्ल्ड कप 2023...ऑनलाइन टिकट बिक्री 10 अगस्त से हो सकती है

## 2 कंपनियों को कॉन्ट्रेक्ट, स्टेडियम में प्रिंटेड टिकट से ही एंट्री मिलेगी




**मुंबई।** भारत में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए ई-टिकट की बिक्री 10 अगस्त से शुरू हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने वर्ल्ड कप के टिकट की बिक्री के लिए 2 बड़ी ऑनलाइन कंपनियों को फाइनल भी कर लिया है। इसमें एक कंपनी बुक माय शो और दूसरी पेटीएम है। दोनों कंपनियां वर्ल्ड कप के आधे-आधे मैचों की टिकट बिक्री को संभालेंगी। दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश के लिए प्रिंटेड टिकट दिखाना जरूरी होगा। जो लोग ऑनलाइन टिकट खरीदेंगे, उन्हें स्टेडियम या सेंटर से प्रिंटेड टिकट लेना होगा और एंट्री गेट पर दिखाना होगा।

### भारत-पाक मैच के टिकट बुक माय शो पर उपलब्ध होंगे

19 नवंबर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले फाइनल मैच और अहमदाबाद में ही 15 अक्टूबर को होने वाले भारत-पाक के मैच के टिकट बुक माय शो पर उपलब्ध होंगे। जबकि 15 नवंबर को मुंबई में होने वाले पहले सेमीफाइनल और 16 नवंबर को कोलकाता में होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के लिए टिकट पेटीएम पर उपलब्ध होंगे। वर्ल्ड कप के शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सेक्रेटरी जय शाह ने कुछ दिन पहले वर्ल्ड कप के कुछ मैचों के शेड्यूल में बदलाव को लेकर बयान दिया था। 15 अक्टूबर से नवरात्र शुरू होने की वजह से भारत और पाकिस्तान के बीच मैच की तारीख में भी बदलाव होने की संभावना है। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है।

### 46 दिन में 48 मैच होंगे

भारत में अक्टूबर-नवंबर में 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड होगा, जिसमें 48 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 5 अक्टूबर को पिछले वर्ल्ड कप की विजेता और उप-विजेता इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में होगा। न्यूजीलैंड पिछला वर्ल्ड कप सुपर ओवर में हारी थी। ऐसे में इन दोनों टीमों का ओपनिंग मैच दिलचस्प होगा। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, ऑनलाइन टिकट बेचने के लिए बीसीसीआई ने 2 कंपनी को चुना है। उन्होंने यह काम बुक माय शो और पेटीएम को सौंपा है। लेकिन अब भी फैंस को वेन्यू पर आकर फिजिकल टिकट लेने की जरूरत होगी।

### टीम इंडिया 9 अलग-अलग वेन्यू पर मैच खेलेगी

वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का ओपनिंग मुकाबला 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में होगा। इसके बाद टीम को 15 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में होगा, इसलिए भारत को बाकी 9 टीमों से एक-एक मुकाबला खेलना है। टीम इंडिया टूर्नामेंट के 10 वेन्यू में से 9 मुकाबले अलग-अलग वेन्यू पर खेलेगी।

# देवधर ट्रॉफी 2023...साउथ जोन ने ईस्ट जोन को हराया- सेंट्रल-वेस्ट जोन भी जीते



**स्पोर्ट्स डेस्क।** साउथ जोन ने देवधर ट्रॉफी 2023 में ईस्ट जोन को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत से साउथ जोन की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। दिन के अन्य मुकाबलों में सेंट्रल जोन ने नार्थ ईस्ट जोन को आठ विकेट से और वेस्ट जोन ने नार्थ जोन को 6 विकेट से हराया। साउथ जोन से मयंक अग्रवाल और वेस्ट जोन से शिवम दुबे ने विस्फोटक पारियां खेलीं। साउथ जोन पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। टीम ने चार के चारों मुकाबले जीते हैं। टीम ने सबसे ज्यादा 16 अंक हासिल किए हैं, जबकि ईस्ट जोन चार में से तीन मुकाबले जीतकर दूसरे स्थान पर हैं। टीम के पास 12 अंक हैं। इतने ही अंक वेस्ट जोन ने हासिल किए हैं। वेस्ट जोन ने भी चार में से 3 मुकाबले जीते हैं। ईस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ईस्ट जोन पहले बल्लेबाजी करते हुए 46 ओवर में 229 रन पर ऑल आउट हो गया। जवाब में साउथ जोन ने 44.2 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ईस्ट जोन टीम के लिए विराट सिंह 49, सुभ्रांशु सेनापति 44 और आकाश दीप ने 44 रन की पारी खेली। साउथ जोन के लिए वासुकि कौशिक और साई किशोर ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं विधवत कावेरप्पा को दो विकेट मिले। विजय कुमार वैशाक और वॉशिंगटन सुंदर एक-एक विकेट लिए। साउथ जोन के लिए मयंक अग्रवाल ने 88 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से 84 रन की पारी खेली। उनके अलावा साई सुदर्शन 53 और नारायण जगदीसन ने 32 रन की पारी खेली। वहीं ईस्ट जोन की ओर से अविनोव चौधरी सबसे सफल गेंदबाज रहे।

# विमेंस टीम ने ट्राई सीरीज का गोल्ड जीता

**बार्सलोना** भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को मेंस और विमेंस दोनों कैटेगरी में सफलता हासिल की। विमेंस टीम ने ट्राई सीरीज में होम टीम स्पेन को 3-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। वहीं मेंस टीम ने प्रो-लीग के ब्रॉन्ज मेडल मैच में नीदरलैंड्स को 2-1 से हराया। पेनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं एनिवर्सरी पर स्पेन के बार्सलोना शहर में विमेंस हॉकी की ट्राई सीरीज और मेंस कैटेगरी में 4 टीमों की प्रो-लीग आयोजित की गई। बार्सलोना के टेरेसा शहर में भारत और स्पेन के बीच विमेंस ट्राई सीरीज का आखिरी मैच खेला गया। भारत से वंदना कटारिया ने 22वें मिनट, मोनिका ने 48वें मिनट और उदिता ने 58वें मिनट गोल दागे। स्पेन से कोई खिलाड़ी गोल स्कोर नहीं कर सकीं। फुल टाइम के बाद स्कोर लाइन 3-0 रही और भारत ने मैच जीता। 8वें रैंक की टीम इंडिया ने सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ 1-1 और स्पेन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला।

# कोरिया भारतीय निशानेबाजों पर लगा होटल के नियमों का पालन न करने का आरोप



**नई दिल्ली।** तीसरी विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए दक्षिण कोरिया से लौटी भारतीय निशानेबाजी टीम पर होटल के नियम तोड़ने के आरोप लगे हैं। भारतीय दल के कुछ खिलाड़ियों पर आरोप है कि उन्होंने नियमों का सही से पालन नहीं किया और सामान को भी नुकसान पहुंचाया। इस मामले की शिकायत भारतीय दल के अधिकारियों को मिली है। भारतीय टीम के साथ गए एक अधिकारी कहा कि होटल प्रबंधन ने एक घटना की शिकायत की जिसमें कथित तौर पर एक महिला निशानेबाज को पुरुष निशानेबाज के कमरे में पाया गया। इसके अलावा होटल के कुछ कमरों में सामान को नुकसान पहुंचाने की शिकायत भी की। इस अधिकारी ने कहा, 'हम घटना के बार में पक्के तौर पर नहीं कह सकते क्योंकि किसी ने भी उन्हें कमरे के अंदर जाते या बाहर निकलते हुए नहीं देखा। साथ ही कहा, '' होटल प्रबंधन ने कमरों में कुछ सामान को नुकसान पहुंचाने की बात कही थी जिससे लिए उन्हें जरुरी भुगतान कर दिया गया था। इस अधिकारी ने कहा, 'वहीं महिला निशानेबाज के पुरुष निशानेबाज के कमरे में मिलने की घटना की भी जानकारी दी गयी थी पर जांच में वह गलत निकली।

# कप्तान निकोलस पूरन ने 55 गेंदों पर 137 की पारी खेली- 13 छक्के लगाकर जीता मेजर लीग टी-20 का फाइनल; एमआई न्यूयॉर्क बना पहला चैंपियन



**स्पोर्ट्स डेस्क।** MI न्यू यॉर्क ने अमेरिका की मेजर लीग टी-20 का पहला खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल में सीटल ओरकास को 7 विकेट से हराकर पहला खिताब जीता। MI के कप्तान निकोलस पूरन ने 16 गेंद पर फिफ्टी लगाने के बाद 40 गेंद पर सेंचुरी लगाई। पूरन 137 रन के स्कोर पर नॉट आउट रहे और अपनी टीम को चैम्पियन बनाया। डालास के ग्रैंड पीयर स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ओरकास टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 183 रन बनाए। जवाब में MI ने कप्तान पूरन की विस्फोटक पारी के दम पर 16 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। ग्रैंड पीयर स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ओरकास को 5वें ओवर में ही पहला झटका लगा। ओपनर नौमान अनवर 9 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद शेहान जयसूर्या 16 और हेनरिक क्लासेन भी 4 रन बनाकर ही आउट हो गए। एक एंड से लगातार विकेट गिर रहे थे, लेकिन दूसरे एंड से क्विंटन डी कॉक ने तेजी से रन बनाए और अपनी फिफ्टी पूरी की। वह 52 बॉल पर 87 रन बनाकर 17वें ओवर में आउट हुए, लेकिन तब तक अपनी टीम का स्कोर 140 रन के पार पहुंचा चुके थे। डी कॉक के आउट होने के बाद ओरकास टीम से शुभम रंजन ने 29, इमाद वसीम ने 7 और ड्वेन प्रीटोरियस ने 21 रन बनाए। वेन पार्नेल 2 तो वहीं एंड्रूयू टाई और हरमीत सिंह 1-1 रन ही बना सके और ने टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 183 रन का स्कोर खड़ा किया। MI से राशिद खान ने महज 9 रन देकर 3 विकेट लिए। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को भी 3 विकेट मिले। उनके अलावा स्टीवन टेलर और डेविड वीजे के खाते में भी एक-एक विकेट गया, जबकि एक बैटर रन आउट हुआ। वीजे ने अपने 4 ओवर में 65 रन दिए।

# 5वां ऐशेज टेस्ट-चौथे दिन का खेल बारिश के कारण सस्पेंड- स्टुअर्ट ब्रॉड को मिला गार्ड ऑफ ऑनर, दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया 135/0



**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया ने द ऐशेज सीरीज के 5वें टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में मजबूत शुरुआत की है। टीम ने स्टंप्स तक बिना नुकसान के 135 रन बनाए। उस्मान ख्वाजा 69 और डेविड वार्नर 58 रन पर नाबाद लौटे। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इससे पहले, इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 395 रन पर ऑलआउट हो गई और टीम ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 384 रन का टारगेट दिया है। स्टुअर्ट ब्रॉड को गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। ब्रॉड जैसे ही बल्लेबाजी करने उतरे, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के प्लेयर्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। ब्रॉड ने जेम्स एंडरसन के साथ दिन के खेल की शुरुआत की। स्पोर्ट्स में खिलाड़ियों को विशेष अवसरों पर सम्मानित करने के लिए गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। गार्ड ऑफ ऑनर आम तौर पर रिटायरमेंट या टीम द्वारा बड़ी उपलब्धि पर दिया जाता है। आखिरी विकेट के लिए जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने 16 रन की पार्टनरशिप की। एंडरसन 8 रन बना कर आउट हुए। वहीं, स्टुअर्ट ब्रॉड 8 रन बना कर नाबाद रहे। टीम 395 रन बना कर ऑलआउट हुई और ऑस्ट्रेलिया को 384 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क ने 4 विकेट झटके। स्पिनर टॉड मर्फी को 4 सफलताएं मिलीं। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस को एक-एक विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी की मजबूत शुरुआत की। उस्मान ख्वाजा 69 और डेविड वार्नर 58 रन बना कर पहले विकेट के लिए 135 रन की पार्टनरशिप की। टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप्स तक इंग्लैंड ने 9 विकेट खो कर 389 रन बनाए, टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 377 रन की लीड बनाई। जेम्स एंडरसन 8 और स्टुअर्ट ब्रॉड 2 रन बना कर नाबाद रहे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय क्रिकेट टीम

**त्रिनिदाद।** भारत और वेस्टइंडीज की टीमें मंगलवार को यहां के ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में तीसरे और अंतिम एकदिवससीय क्रिकेट मैच के लिए उतरेंगी। दोनो ही टीम को लक्ष्य इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना रहेगा। भारतीय टीम ने पहला जबकि वेस्टइंडीज ने दूसरा मैच जीता था। इससे अभी सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। दूसरे एकदिवसीय में भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली को आराम देते हुए युवा खिलाड़ियों का उतरा था पर उसका वह प्रयोग सफल नहीं है। मेजबान टीम के तेज गेंदबाजों रोमारियो शेफर्ड और गुडाकेश मोती ने हार्दिक हार्दिक पंड्या की कप्तान में उतरी टीम को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया और मुकाबला जीता लिया। भारतीय टीम दूसरे एकदिवसीय में गेंदबाजी में भी कमजोर रही। केवल शार्दुल ठाकुर ही तीन विकेट लेकर प्रभावी गेंदबाजी कर पाये। कप्तान शाई होप ने ओर युवा कीसी कार्टी ने बेहतर बल्लेबाजी कर अपनी टीम को इस मैच में जीत दिलायी थी। कैरेबियन में पिचें बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं हैं और ब्रायन लारा स्टेडियम में पिछले तीन मैचों में से एक भी मैच 200 रन का आंकड़ा पार करने में सफल नहीं रही। धीमी और नीची होने की आशंका के कारण पिच स्पिनरों को काफी सहायता प्रदान करेगी जो टर्निंग हालातों का फायदा उठा सकते हैं और उछाल की कमी से लाभ उठा सकते हैं। इस पिच पर तेज गेंदबाज असरकारी हो सकते हैं। अगले महीने होने वाले एशिया कप और फिर विश्व कप को देखते हुए इस सीरीज में भारतीय टीम युवाओं को अवसर दे रही है।

## कारोबार

# फोर्ड ने अमेरिका में एफ-150 ट्रकों को रिकॉल किया



**सैन फ्रांसिस्को।** फोर्ड मोटर ने अमेरिका में 870,701 एफ-150 ट्रकों को रिकॉल किया है, जिनके इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक में संभावित रूप से वायरिंग से संबंधित समस्या हो सकती है। नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन को एक सुरक्षा रिकॉल रिपोर्ट में, फोर्ड ने कहा कि रियर एक्सल वायरिंग हार्नेस बंडल प्रभावित वाहनों में रियर एक्सल हाउसिंग के संपर्क में आ सकता है, जिससे इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक में समस्या आ सकती है। एनएचटीएसए ने कहा, क्षतिग्रस्त इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक वायरिंग से वाहन चलाते समय अनजाने में पार्किंग ब्रेक लग सकता है, जिसके परिणामस्वरूप वाहन का नियंत्रण खो सकता है और इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है। वापस बुलाए गए ट्रकों का निर्माण तीन साल की अवधि के दौरान किया गया था। प्रभावित होने वाले 870,701 ट्रक मॉडल वर्ष 2021 से 2023 तक के हैं।

# इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग 2023 फाइनल इंडियन ऑयल चेयरमैन एस एम वैद्य ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया



**मुंबई।** इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री एस एम वैद्य ने इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग, 2023 के फाइनल और 30 जुलाई, 2023 को पुणे में शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, महालुंगे-बालेवाड़ी में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लिया। 13 से 30 जुलाई, 2023 तक आयोजित अपने चौथे संस्करण में शीर्षक प्रायोजक के रूप में भारत की यह पहली अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस लीग है। लीग के इस संस्करण में छह फ्रेंचाइजी देखी गई, जिनमें बेंगलुरु स्मैशर्स, गोवा चैलेंजर्स, दबंग दिल्ली टीटीसी, पुनेरी पलटन, यू मुंबा टीटी और चेन्नई लायंस, प्रत्येक टीम में प्रमुख भारतीय और विदेशी पैडलर्स सहित 8 खिलाड़ी शामिल थे, जो शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। यूटीटी लीग का उद्देश्य टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में टेबल टेनिस के खेल को बढ़ावा देना और विकसित करना है। एक विश्व स्तरीय लीग बनने के मिशन के साथ शुरू की गई थी जो युवाओं को प्रेरित करती है, प्रशंसकों का मनोरंजन करती है और उन्हें जोड़े रखती है, जमीनी स्तर पर विकास को बढ़ावा देती है और सभी हितधारकों को मूल्य प्रदान करती है और टेबल टेनिस में भारत के लिए ओलंपिक पदक अर्जित करने का लक्ष्य रखती है। 18 दिनों चली इस स्पर्धा में, गोवा चैलेंजर्स को इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस सीज़न 4 चैंपियंस का ताज पहनाया गया. उन्होंने रोमांचक फाइनल में चेन्नई लायंस को 8-7 से हरा दिया, जिसमें रीथ रिशिया टेनिसन ने अपने पहले खिताब के लिए महत्वपूर्ण अंक हासिल किया। टीटी लीजेंड, ए शरथ कमल, जिन्होंने चेन्नई का प्रतिनिधित्व किया और भारत की महिला टीटी इंटरनेशनल, रीथ रिशिया और कृतत्विका सिन्हा रॉय, जो गोवा फ्रेंचाइजी के लिए आईं, के रूप में दोनों फाइनलिस्टों में इंडियन ऑयल की उपस्थिति थी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले इंडियन ऑयल के अन्य शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों में मनिका बत्रा (बेंगलुरु स्मैशर्स), मानव ठक्कर और सुधांशु ग्रोवर (यू मुंबा) और अर्चना कामथ (पुनेरी पल्टन) शामिल थे। अर्चना ने दफ़ान्यूज़ शॉट ऑफ़ द लीग अवार्ड भी जीता। श्री वैद्य ने एक शानदार पुरस्कार वितरण समारोह में लीग के प्रमोटरों, पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन, नीरज बजाज और सुश्री वीटा दानी के साथ विजेता गोवा चैलेंजर्स को प्रतिष्ठित इंडियन ऑयल यूटीटी ट्रॉफी सौंपी।

# जना स्मॉल बैंक ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी दाखिल किया




**मुंबई।** जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ("कंपनी") ने बाजार विनियामक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी" दाखिल किया है। कंपनी की योजना इक्विटी शेयरों (10 रुपये अंकित मूल्य) की पेशकश के जरिए धन जुटाने की है, जिसमें कुल मिलाकर 5,750 मिलियन रुपये तक के नए इश्यू ("फ्रेश इश्यू") और "इन्वेस्टर शेयरिंग शेयरहोल्डर्स" द्वारा कुल मिलाकर 4,051,516 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल "ऑफर फॉर सेल") शामिल है। 4,051,516 इक्विटी शेयरों तक के ऑफर फॉर सेल में क्लाइंट रोज़हिल लिमिटेड के 1,757,755 इक्विटी शेयर; सीवीसीआईजीपी II इम्प्लॉयी रोज़हिल लिमिटेड के 929,656 इक्विटी शेयर; ग्लोबल इम्पैक्ट फंड्स, एस.सी.ए., एसआईसीएआर, सब-फंड ग्लोबल फाइनेंशियल इंक्लूजन फंड के 141,285 इक्विटी शेयर; ग्रोथ पार्टनरशिप II अजय टंडन को-इंवेस्टमेंट ट्रस्ट के 825 इक्विटी शेयर;एक्सिस कैपिटल टलिमिटेड इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

# दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटरों को बाजार में उतारा - इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी लेक्ट्रिक्स ईवी के है दोनों वाहन



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में कंपनी लेक्ट्रिक्स ईवी ने अपने दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटरों को उतार दिया है, जिसमें एलएक्सएस जी2.0 और एलएक्सएस जी3.0 शामिल हैं। एलएक्सएस जी2.0 की कीमत 1.03 लाख रुपये है। वहीं कंपनी ने एलएक्सएस जी3.0 की कीमत का खुलासा अभी नहीं किया है। कंपनी का कहना है कि फुल चार्ज में एलएक्सएस जी3.0 मॉडल 105 किलोमीटर और एलएक्सएस जी2.0 मॉडल 80 किलोमीटर तक की रेंज देगा। फीचर्स की बात करें तो इन स्कूटर्स में नेविगेशन सिस्टम, वॉइस असिस्टेंट, ऑटो इंडीकेटर, कीलेस एक्सेस, एंटीथेफ्ट/इमोबिलाइजेशन असिस्ट व्हीकल सेफ्टी, इमरजेंसी एसओएस अलर्ट कस्टमर सेफ्टी, व्हीकल लाइव लोकेशन (फाइंड माय स्कूटर), ब्लूटूथ लो एनर्जी कनेक्टिविटी, स्मार्ट नेविगेशन, फर्स्ट इन क्लास ऑटो इंडीकेटर्स, इमरजेंसी एसओएस बटन, फाइंड माय व्हीकल और ओवर द एयर अपडेट्स जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

# मोबाइल कंपोनेंट प्लांट लगाएगी फॉक्सकॉन 1,600 करोड़ में बनेगा प्लांट, उद्योग मंत्री बोले- देश में टॉप इन्वेस्टमेंट डेस्टीनेशन है




**कांचीपुरम।** ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन तमिलनाडु में मोबाइल कंपोनेंट प्लांट लगाएगी। इसके लिए ताइवान की होन हई टेक्नोलॉजी ग्रुप ने राज्य सरकार के साथ एक लेटर ऑफ इंटेट साइन किया है। राज्य के उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को डील की रिपोर्ट सामने आने के बाद इसकी ऑफिशियली घोषणा की। इस प्लांट को कांचीपुरम जिले के श्रीपेरंबुदूर में फॉक्सकॉन की मौजूदा आईफोन प्लांट के पास ही 1,600 करोड़ रुपए की लागत से लगाया जाएगा। इस मौके पर राज्य के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, मुख्यसचिव शिव दास मीना, अतिरिक्त मुख्यसचिव एस कृष्णन, गाइडेंस तमिलनाडु के एमडी और सीईओ विष्णु वेणुगोपालन,फॉक्सकॉन के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर (सेमीकंडक्टर) एसवाई चियांग और कंपनी के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहे। इस प्लांट में मोबाइल के पार्ट्स बनाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत 6 हजार लोगों को रोजगार मिल सकता है। तमिलनाडु के उद्योग मंत्री डॉ. टीआरबी राजा ने कहा कि यह निवेश इस बात का प्रमाण है कि राज्य देश में टॉप इन्वेस्टमेंट डेस्टीनेशन है। इससे पहले दिन में न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया था कि संयंत्र 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# कासगंज में ट्रेन से कटकर सफाई कर्मी की मौत



**कासगंज।** कासगंज जनपद के कोतवाली सोरों क्षेत्र में रेलवे ट्रेक पार करते समय ट्रेन से कटकर एक संविदा सफाई कर्मी की मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना के बाद से मृतक के परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक नगर पालिका सोरों में सफाई कर्मी के पद पर था। नेमचंद्र (40) कोतवाली सोरो क्षेत्र के हिमायूपुर गांव का रहने वाला था। नेमचंद्र सोरो नगर पालिका में सफाई कर्मी था। नेमचंद्र काफी समय से बीमार चल रहा था। बीमारी के चलते नगर पालिका मे अपना बकाया फंड ओर सैलरी के लिए नगर पालिका आता था। आज जब नेमचंद्र नगर पालिका आया था, तभी वो सोरो स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक पार कर रहा था ओर नेमचंद्र की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने जीआरपी को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# एक महिला, 3 फर्जी कंपनियां और 100 करोड़ की ठगी



**आगरा।** एक शातिर महिला डायरेक्टर। हेलो राइड कंपनी के जरिए 100 करोड़ की ठगी की। 4 साल से फरार रही। यूपी, पंजाब, बिहार में 25 केस दर्ज हुए। जब पुलिस ने घेरा, तो रिश्वत देकर बच निकली। 25 हजार का इनाम भी रखा गया। 4 साल बाद STF ने उसको पकड़ ही लिया। चर्चा कर रहे हैं हैलो राइड कंपनी की डायरेक्टर नीलम वर्मा की। उसने STF कस्टडी में कबूला कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के एक विवेचक ने उसकी घेराबंदी कर ली थी। वो करीब-करीब पकड़ी ही जाने वाले थी कि एक मोटी रकम देकर वो बच निकली थी। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, उसकी एक अन्य साथी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। STF सोर्सेज के मुताबिक, नीलम वर्मा ने एक-एक करके तीन कंपनियां बनाई। हेलोराइड लिमिटेड, इनफिनिटी वर्ड इंफ्रावेंचर लिमिटेड और ओजोन इनफिनिटी एग्रो प्रोड्यूसर लिमिटेड। नीलम वर्मा ने पूछताछ में बताया कि 2013 में इनफिनिटी वर्ड इफ्रावेंचर लिमिटेड कंपनी से जुड़ी थी। इसको अभय कुशवाहा ने बनाया था। इसके बाद, 2017 में ओजोन इनफिनिटी वर्ड एग्रो प्रोड्यूसर लिमिटेड कंपनी बनाई। इनमें लोगों से इन्वेस्ट रकम को दोगुना करके वापस करने का लालच दिया जाता था।

# मिर्जापुर के डॉक्टर ने बनवा दिया 14 मंजिला मकान



**मिर्जापुर।** का 14 मंजिला बुर्ज खलीफाजिसे बनवाया है, यहां के डॉक्टर सियाराम ने। इसे बनवाने का कारण था लोगों में अपनी पहचान बढ़ाना। साथ ही अपनी 4 पत्नियों को एक साथ रखने का सपना। लेकिन पारिवारिक विवाद के कारण डॉक्टर सियाराम अभी सोनभद्र में रह रहे हैं। सियाराम की 4 पत्नी और 6 बच्चे हैं। सियाराम को अपने पेशे से जितनी पहचान नहीं मिल पाई, उससे ज्यादा पहचान इस घर से मिली है। हालांकि अब इस इमारत को लेकर गांव के लोग हमेशा दहशत में रहते हैं। हवा में खड़ी यह इमारत लोगों को बहुत डराती है। सियाराम की तीसरी बेटी के मकान में हिस्सा मांगने के बाद सरकार ने अभी उनके घर को सीज कर दिया है। घर की नीलामी भी करवाई गई, लेकिन अभी इसका कोई सही दाम नहीं दे रहा है। ये मामला मिर्जापुर के अदलहाट थाना क्षेत्र के श्रुतिहार गांव का है। सियाराम पेशे से डॉक्टर हैं। गांव के लोग उनके यहां ही इलाज करवाने आते थे। सर्दी-जुकाम से लेकर हर दर्द का इलाज सियाराम करते थे। गांव के लोगों को उन पर बहुत भरोसा था। गांव के लोग बताते हैं, धीरे-धीरे सियाराम की अपने पेशे से बढ़िया कमाई होने लगी।

# हरदोई मार्ग पर में ऑटो और बाइक की भीषण भिड़ंत



**हरदोई।** हरदोई में मल्लावां कन्नौज मार्ग पर तेज रफ्तार ऑटो बाइक से टकरा गया। जिसमें ऑटो में सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आपको बता दें सोमवार की दोपहर कन्नौज मार्ग पर सीएनजी ऑटो राघौपुर से सवारी भरकर मल्लावां जा रहा था।जिसपर रामपाल पुत्र बिहारीलाल निवासी नारायण मऊ व उनकी पत्नी शिव देवी दोनों सवार थे। कस्बे के कटरा के निकट तेज रफ्तार जा रही बाइक और ऑटो की भिड़ंत हो गई। ऑटो पर सवार रामपाल की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वही पत्नी शिव देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर

# रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने लिया रूस की परमाणु पनडुब्बियों-युद्धपोतों का जायजा

## नेवी डे पर की 30 नए जंगी जहाजों की घोषणा; 3 हजार नौसैनिकों ने निकाला मार्च



**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन रविवार को देश की नेवी डे परेड में शामिल हुए। इस मौके पर पुतिन ने परमाणु पनडुब्बियों और युद्धपोतों का जायजा लिया। नेवी डे का आयोजन पुतिन के होम टाउन सेंट पीटर्सबर्ग में हुआ। इस दौरान 45 जंगी जहाजों और पनडुब्बियों ने नेवा नदी में प्रदर्शन किया। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक नेवी डे पर नौसेना के 3000 सदस्यों ने मार्च भी निकाला। वहीं, इस मौके पर पुतिन ने रूसी नौसेना के लिए 30 जंगी जहाजों की घोषणा की। उन्होंने कहा इससे नौसेना की ताकत में इजाफा होगा और देश की सुरक्षा मजबूत होगी। इस दौरान रूस के डिफेंस मिनिस्टर सर्गेई शोइगू, नेवी के कमांडर एडमिरल निकोलाई येवमेनोव भी मौजूद रहे।

### जंग के बारे में कुछ नहीं बोले पुतिन

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर रूस में किसी भी बड़े आयोजन पर पुतिन यूक्रेन जंग के बारे में जरूर कुछ न कुछ कहते हैं। हालांकि, रविवार को हुई नेवी डे परेड में उन्होंने जंग के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा। पुतिन ने सिर्फ यह कहा- आज रूस आत्मविश्वास के साथ बड़े स्तर पर अपनी नौसेना की पॉलिसी को लागू कर रहा है। साथ ही अपनी ताकत को और बढ़ा रहा है। रूस की नेवी डे परेड में 4 अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।आधार पर शांति वार्ता को आगे बढ़ाया जा सकता है।

### जंग रोकने पर क्या बोले पुतिन...

पुतिन ने साफ किया कि यह युद्ध तब तक नहीं रुकेगा जब तक यूक्रेन की सेना उन पर हमले करना जारी रखेगी। अफ्रीकी नेताओं से मुलाकात के दौरान पुतिन ने कहा- अगर यूक्रेन हम पर हमला करेगा तो हमें जवाबी कार्रवाई करनी पड़ेगी। कुछ लोग चाहते हैं कि शांति वार्ता की बात हो। हमने इससे इनकार नहीं किया है। मैंने पहले भी कहा है कि हम शांति वार्ता से इनकार नहीं करते। पुतिन ने कहा- यूक्रेनी सेना आक्रामक है, वो हम पर हमले कर रही है। वे बड़े स्तर पर आक्रामक रणनीतिक अभियान चला रहे हैं। हम शांति वार्ता के प्रस्ताव को बिल्कुल नहीं नकार रहे, लेकिन कोई भी प्रक्रिया शुरू होने के लिए दोनों पक्षों के बीच एक आम सहमति बनना सबसे अहम है। वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि वो यूक्रेन मामले में शांति वार्ता से इनकार नहीं कर रहे हैं।

### परेड में ब्लैक सी फ्लीट भी शामिल हुई

रूसी न्यूज एजेंसी तास की रिपोर्ट के मुताबिक नेवी डे परेड में नौसेना की ब्लैक सी फ्लीट खासतौर पर शामिल हुई। दरअसल, 23 जुलाई को रूस ब्लैक सी ग्रेन डील से बाहर हो गया है। इससे ब्लैक सी एक बार फिर रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष का पॉइंट बन चुका है। पुतिन ने अफ्रीकी देशों के नेताओं से मुलाकात के दौरान कहा है कि वो फिर से इस डील का हिस्सा नहीं बनेंगे। ग्रेन डील दोनों देशों के बीच पिछले साल जंग शुरू होने के बाद हुई थी। इसके तहत दोनों देशों ने यह तय किया था कि वो ब्लैक सी से गुजरने वाले एक-दूसरे के उन जहाजों पर हमले नहीं करेंगे, जिनमें फूड आइटम खासतौर पर अनाज होगा। रूस के इस डील से बाहर निकलने के कारण अफ्रीकी देशों में अनाज का संकट मंडरा रहा है। इसके तहत पुतिन ने अफ्रीकी देश के नेताओं से मुलाकात की है। पुतिन ने अफ्रीकी देशों के नेताओं को भरोसा दिलाया है कि वो तीन से चार महीनों में करीब 50 हजार टन गेहूं 6 अफ्रीकी देशों को देंगे। इसके लिए रूस पेमेंट नहीं लेगा। इसके पहले यूएन 2 लाख 75 हजार टन गेहूं सप्लाई पर समझौता कर चुका है। यह वर्ल्ड फूड प्रोग्राम का ही हिस्सा है। वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि वो यूक्रेन मामले में शांति वार्ता से इनकार नहीं कर रहे हैं। सेंट पीटर्सबर्ग में अफ्रीकी लीडर्स से बातचीत के बाद पुतिन ने कहा- अफ्रीका और चीन की तरफ से पेश किए गए पीस प्लान के आधार पर शांति वार्ता को आगे बढ़ाया जा सकता है।ऐसे समय में जब यूक्रेन लगातार हम पर हमले कर रहा है, सीजफायर और मुश्किल काम है।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के लड़के पर हमला- 16वें बर्थडे की पार्टी में जाने वाला था, 20 साल का आरोपी गिरफ्तार



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में भारतीय मूल के लड़के पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला किया। जख्मी लड़के का नाम रायन सिंह है। घटना के वक्त रायन फ्रेंड्स के साथ बास्केबॉल खेल रहा था और घर पर पेरेंट्स उसके 16वें बर्थडे की पार्टी की तैयारी कर रहे थे। हमले में रायन के दो दोस्त भी घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- रायन और उसके दोस्त हमलावरों को नहीं जानते थे। रायन इस वक्त हॉस्पिटल में एडमिट है। 20 साल के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों पर पुलिस ने जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है।

### आठ लड़कों ने हमला किया

घटना मेलबर्न के सब-अर्बन एरिया टारनेट में हुई। यहां के बास्केटबॉल कोर्ट में रायन और उसके दो दोस्त मौजूद थे। जैसे ही इन्होंने प्रैक्टिस खत्म की, तभी आठ लड़के वहां पहुंचे। ये सभी चाकू और डंडे रखे थे। इन लोगों ने रायन से स्नीकर्स मांगे। इसके अलावा उसके दोस्त से फोन भी छीनने की कोशिश की। दोनों के इनकार करने पर आरोपी नाराज हो गए और उन्होंने तीनों दोस्तों पर हमला कर दिया। रायन के हाथ और पैर के अलावा सिर में भी जख्म हैं। उसे हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। यहां उसकी सर्जरी भी की गई है।

### पुलिस ने क्या कहा

विक्टोरिया पुलिस के एक अफसर ने कहा- आरोपी लड़के रायन और उसके दोस्तों से कुछ सामान छीनना चाहते थे। इन लोगों ने विरोध किया तो आरोपियों ने हमला कर दिया। हमले में रायन और उसके दो दोस्तों को चोटें आई हैं। घटना के बाद सभी आरोपी कार से भाग गए। इनमें से एक को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसकी उम्र 20 साल है। रायन की हालत खतरे से बाहर है। रायन की मां सुषमा ने चैनल से बातचीत में कहा- आज रायन का 16वां जन्मदिन था। हमने एक पार्टी और डिनर प्लान किया था, बस उसके घर लौटने का इंतजार था।

# आंत्रप्रेन्योर्स के लिए जरूरी है मजबूत रिटन कम्युनिकेशन



**मेलबर्न।** सफल बिजनेस लीडर्स, बेहतरीन कम्युनिकेटर्स होते हैं। उन्हें बोलने और लिखने की कला बखूबी आती है। आंत्रप्रेन्योर्स जब स्पीच लिखते हैं या कोई छोटा मैसेज टाइप करते हैं तो इसके लिए ऑडियंस तक सीधी बात पहुंचाने के लिए अपने रिटन कम्युनिकेशन पर विशेष ध्यान देते हैं। बिजनेस में सफलता के लिए अब ऐसा करना बहुत जरूरी है। ऐसे में अगर बतौर आंत्रप्रेन्योर आप कुछ लिखने जा रहे हैं तो पहले खुद से कुछ सवाल पूछें। जैसे जिन्हें आप लिख रहे हैं उन्हें सिर्फ मैसेज देना चाहते हैं या फिर उनसे कुछ प्रश्न भी पूछना चाहते हैं? अगर सवाल पूछना चाहते हैं तो किस तरह के जवाब की उम्मीद करते हैं? अगर आप अपनी कंपनी के लिए ऑफिशियल स्टेटमेंट लिख रहे हैं तो इसमें कंपनी के मिशन को भी शामिल करें। इस तरह आपका मैसेज कर्मचारियों तक आसानी से पहुंच पाएगा। यह ध्यान रहे कि मुश्किल शब्दों का उपयोग कम से कम करें और वाक्य छोटे व स्पष्ट रखें। कम्युनिकेशन को और बेहतर करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लिखने की आदत बनाएं। की लीडरशिप टीम को पावरपॉइंट का उपयोग करने की जगह 6 पन्नों के नोट्स बनाने की सलाह दी थी।

# गोरखपुर में दिव्यांग व्यक्ती को जिंदा जलाकर मार डाला

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक दिव्यांग को जिंदा जलाकर मार दिया गया। वह अपने घर के बाहर सो रहा था। आधी रात पड़ोसियों ने आग की लपट उठते देख परिवार को जानकारी दी। जब तक परिवार के लोग पहुंचे, तब तक दरवाजे पर सो रहे दिव्यांग सुरेंद्र यादव (25) की जलकर मौत हो चुकी थी। इस घटना से पूरा इलाका दहल गया है। ये घटना चौरी चौरा के देवीपुर गांव में रविवार की देर रात हुई। दिव्यांग की बहन रीता ने आरोप लगाया कि गांव के प्रधान पति लालबचन से 7 दिन पहले सरकारी जमीन पर पानी की टंकी बनवाने को लेकर विवाद हुआ था। हमारा परिवार विरोध कर रहा था। इसलिए मेरे भाई को ही मार डाला। ADG जोन अखिल कुमार, DM कृष्णा करुणेश और स्स्क डॉ. गौरव ग्रोवर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने महिला प्रधान के पति समेत 6 लोगों को हिरासत लिया है। दरअसल, दोनों पैर से दिव्यांग सुरेंद्र के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मां और भाई जोगेंद्र के साथ वह घर पर रहता था। उसके घर के पास स्थित सरकारी जमीन पर ग्राम प्रधान के पति लालबचन पानी की टंकी बनवाना चाह रहा था।

# कानपुर मेयर प्रमिला पांडेय ने ताला तोड़कर मकान पर कब्जा दिलाया बुजुर्ग बोली- मुस्लिम युवक ने किया था कब्जा



**कानपुर।** कानपुर मेयर ने रविवार को एक मकान का ताला तोड़कर बुजुर्ग महिला को कब्जा दिलाया। इसके बाद 50 मिनट के अंदर 100 मीटर के दायरे में ऐसी 2 और छोटी-छोटी घटनाएं हुईं। जिससे बजरिया इलाके का माहौल बिगड़ गया। एक समुदाय के सैकड़ों लोग सड़क पर आ गए और हंगामा व नारेबाजी करने लगे। तनाव बढ़ता देख पुलिस कमिश्नर ने इलाके और पुलिस बल तैनात कर दिया। तब जाकर हालात नियंत्रित हुए। यहां 24 घंटे बाद भी तनाव है। सुरक्षा के हवाले हैं। सोमवार को पुलिस-प्रशासन के अफसर मकान पर दावा करने वाली बुजुर्ग और दूसरे पक्ष के दस्तावेज देखकर फैसला करेंगी कि आखिर मकान किसका है। बजरिया इलाके के लुधौरा में रहने वाली राजपति (75) के पति राधे का काफी समय पहले निधन हो चुका है। उनका एक बेटा धर्मेन्द्र है। राजपति का आरोप है कि उनके मकान पर जावेद नाम के युवक ने अवैध तरह से कब्जा कर लिया। उसने कोर्ट में राजपति की जगह एक अन्य महिला को उसकी आइडेंटिटी में खड़ा कर दिया उससे रजिस्ट्री करा ली और जब विवाद हुआ तो कोर्ट से स्टे भी ले लिया। रविवार दोपहर डेढ़ बजे महापौर प्रमिला पांडेय को इसकी जानकारी मिली। उन्हें बताया गया कि एक बुजुर्ग महिला के घर पर मुस्लिम पक्ष का कब्जा है। इस मकान में मंदिर है और एक पीपल का पेड़ भी है। इसके बाद मेयर, भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष (उत्तर) सुनील बजाज के साथ बजरिया पहुंचीं।ताला तोड़कर राजपति को घर पर कब्जा दिलाया। मामले की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। यही से माहौल बिगड़ने की शुरुआत हुई। कुछ देर बाद दूसरे समुदाय के भी सैकड़ों लोग सड़क पर आ गए। मामले की जानकारी मिलते ही ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी, डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार, एसीपी कर्नलगंज अकमल खान समेत कई अफसर मौके पर पहुंचे।

# सीमा गुलाम हैदर सचिन को नौकरी करने की इजाजत- लेकिन काम नहीं मिल रहा



**जेवर।** सीमा-सचिन और उनके पिता को नौकरी करने की इजाजत मिल गई। वह बाहर जाकर काम कर सकते हैं। लेकिन जिले से बाहर जाने पर पाबंदी रहेगी। उनके मूवमेंट पर पुलिस की नजर रहेगी। हालांकि उनके पीछे मीडिया का ऐसा जमावड़ा लगा है कि उन्हें कोई काम नहीं दे रहा। सीमा और सचिन ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में रह रहे हैं। सुर्खियों में रहने के कारण सचिन और पिता नेत्रपाल की नौकरी छूट गई है। परिवार इस कदर आर्थिक बदहाली से गुजर रहा कि उनके पास अब राशन तक नहीं बचा। इसी कारण सचिन के पिता ने काम पर जाने की इजाजत मांगी थी। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें इजाजत दे दी है। जब सचिन की फैमिली को काम पर जाने की इजाजत मिली तो रविवार शाम को सचिन व उसके पिता काम मांगने के लिए बाहर निकले। इसके बाद दोनों के पीछे मीडियाकर्मी लग गए। जिसके चलते दोनों को कहीं काम नहीं मिला। इसलिए सचिन और सीमा ने अपने घर के बाहर नोटिस लगाकर मीडिया से दूरी बनाई है। जिस पर लिखा है- मीडिया प्लीज रिस्पेक्ट माय माय प्राईवेसी। नीचे लिखा है- मीणा फैमिली। दरअसल, दो दिन पहले सचिन और सीमा से मिलने उनके घर पहुंचे किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह ने उनसे समस्या के बारे में बातचीत की थी। उन्हें सचिन के पिता नेत्रपाल ने बताया था कि सचिन और मैं रोज कमाने-खाने वाले आदमी हैं। मेहनत-मजदूरी कर जो कमाते थे, उसके सहारे खाने-पीने का इंतजाम होता था।

# जीजा ने कराई कोचिंग संचालक की हत्या- 1 करोड़ की प्रॉपर्टी के लिए भाइयों से मरवाई गोली; फोन से सारी चीजें ऑपरेट कर रहा था





**आगरा।** आगरा के रहने वाले 24 साल के कोचिंग संचालक धर्मवीर का मर्डर प्रॉपर्टी के लिए हुआ था। उसकी हत्या उसके जीजा योगेश ने अपने दो सगे भाइयों के साथ मिलकर की थी। योगेश के बड़े भाई राजेश ने पूरी घटना को लीड किया था। धर्मवीर को मारने के बाद उसने योगेश को फोन पर इसकी जानकारी भी दी थी। धर्मवीर अपने घर का अकेला वारिस था। उसने हाल ही में अपनी 1 करोड़ की जमीन बेची थी। उसी संपत्ति को हड़पने के लिए जीजा योगेश ने उसकी हत्या अपने भाइयों से करवाई थी। घटना के समय धर्मवीर का जीजा योगेश पुणे में था। वह फोन पर ही सारी चीजों को ऑपरेट कर रहा था। योगेश का छोटा भाई अक्षय घटना को अंजाम देने के लिए भोपाल से आया था। बड़ा भाई राजेश आगरा में ही था। योगेश और अक्षय दोनों सेना में नौकरी करते हैं। बता दें, कोचिंग संचालक धर्मवीर की 29 जुलाई को फिरोजाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसका शव उसकी थार गाड़ी में मिला था। राजेश ने पुलिस को बताया, "योगेश की शादी में धर्मवीर ने लगभग 50 लाख रुपए खर्च किए थे। उसके पास काफी पैसा और जमीन थी। उसकी छोटी बहन की शादी मेरे भाई अक्षय से तय हो रही थी। बड़ी बहन पहले ही हमारे घर पर है। ऐसे में हम भाइयों के मन में ख्याल आया कि अगर हम धर्मवीर को मार दें, तो सारी प्रॉपर्टी हमारी हो जाएगी। जिसके बाद हम लोगों ने पूरा प्लान तैयार किया।" उसने बताया, "प्लान के तहत मैंने छोटे भाई अक्षय को भोपाल से बिना टिकट के आगरा बुला लिया। अक्षय अपनी यूनिट में बिना बताए आगरा आया था। योगेश को मैंने नहीं बुलाया, क्योंकि उसको आने में समय लगता। अक्षय 28 जुलाई की रात को आगरा स्टेशन आ गया। उसने तमंचा भोपाल में ही खरीद लिया था। अक्षय ने धर्मवीर को स्टेशन लेने के लिए बुलाया। उसके बाद दोनों फिरोजाबाद जाने वाली रोड से थार गाड़ी से घर जा रहे थे। मैं अपाचे गाड़ी से थार के पीछे-पीछे चल रहा था। हम लोगों ने घर पर नहीं बताया था कि अक्षय आ रहा है। धर्मवीर की गाड़ी अक्षय चला रहा था।" राजेश ने बताया, "कुछ दूर चलने के बाद अक्षय ने टॉयलेट जाने के लिए गाड़ी को नगला सिंघी क्षेत्र के ग्वारई गांव के पास रोक दिया।

# कानपुर में क्लास के 10वीं के अंदर स्टूडेंट की हत्या लड़की से बात करने पर हुआ था झगड़ा



**कानपुर।** कानपुर के न्यू आजाद नगर स्थित प्रयाग विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को 10वीं के स्टूडेंट की उसके साथी ने क्लास के अंदर ही चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच शनिवार को लड़की से बातचीत को लेकर झगड़ा हुआ था। मृतक नीलेंद्र तिवारी की उम्र 15 साल और आरोपी की उम्र 13 साल है। शनिवार को दोस्तों ने उनका झगड़ा शांत करा दिया था, लेकिन सोमवार को क्लास में उनके बीच फिर टकराव हो गया। छात्रों ने बताया कि आरोपी और नीलेंद्र की अच्छी दोस्ती थी। हाल ही में साथ में पढ़ने वाली एक लड़की से नीलेंद्र की बातचीत होने लगी। आरोपी को यह पसंद नहीं आया। आरोपी इसी बात से नीलेंद्र से नाराज था। आरोपी सोमवार को बैग में चाकू रखकर लाया था। उसने नीलेंद्र के पेट और गले पर कई वार कर दिए। इससे क्लास में चीख-पुकार मच गई। स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंचा, तो नीलेंद्र तिवारी खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। आनन-फानन में पहले उसे बिधनू के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हैलट अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने स्कूल में पहुंचकर आरोपी छात्र से पूछताछ शुरू की है। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें छात्र को तख्त के पाए से बांधा गया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि नीलेंद्र ने आरोपी को जान से मारने की धमकी दी थी। इसी के चलते आरोपी बहुत डरा हुआ था। इसके बाद आरोपी ने नीलेंद्र की हत्या का प्लान बनाया। घर से ही चाकू लेकर स्कूल पहुंचा और घात लगाकर बैठा रहा। लंच के दौरान नीलेंद्र को दबोचकर जमीन पर गिरा दिया।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेलः madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।